ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

देहरादून, सोमवार 16 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 190 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 27 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल पेज 2



सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगा श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर खेल टाइम्स



बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत सम्पादकीय



ईरान अमेरिका से एटमी समझौते पर वार्ता को तैयार पेज 12



पाकिस्तान के खिलाफ अपने अर्द्धशतक के दौरान शॉर्ट लगाते भारतीय बल्लेबाज इशान किशन

### 10 राज्य-यूटी डेडलाइन तक एसआईआर में चूके

**नई दिल्ली।** देश के नौ राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 7 फरवरी तक अपनी फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश नहीं कर सके। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी ने शनिवार को अपनी फाइनल इलेक्टोरल रोल प्रकाशित कर दी। पुड्डुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की फाइनल वोटर लिस्ट में 9,44,211 मतदाता के नाम हैं।

# हमने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया लागू: पीएम

## कहा: इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया अब या कभी नहीं जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी हम तैयार हैं वाला बजट है। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने आगे कहा है कि यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था। उन्होंने कहा कि उस समय अक्सर बातचीत शुरू होती थी, लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकलते थे और लंबे-लंबे समझौते भी बिना खास उपलब्धि के खत्म हो जाते थे।

**कहा: राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा**

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर राफेल-एफ-5 होगा नाम

## अभी भारतीय वायुसेना के पास एफ-3 मौजूद, 2030 के बाद होगी डिलीवरी



फ्रांस के साथ 3.25 लाख करोड़ का होने जा रहा सौदा

**नई दिल्ली।** फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपये में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी।

इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसा एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा। दसा एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60 फीसदी कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग पी8-1 सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपये है। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव), आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, टी-72 टैंक तथा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहाल को मंजूरी मिल चुकी है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय भारत दौरा: पीएम मोदी से होगी वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है।

मैक्रों का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों 16 फरवरी की देर रात करीब 11:30 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके दौरे के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। 17 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात पीएम मोदी से होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई समझौतों का आदान-प्रदान होगा और एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा। शाम को वह होटल ताज महल पैलेस में भारत-फ्रांस इनोवेशन फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रात में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। अगले दिन 18 और 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यहां वह एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

**एआई-इनोवेशन पर होंगे अहम समझौते**

### एआई इम्पैक्ट समिट से पहले दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार से शुरू हो रहे एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम की उच्च-स्तरीय प्रकृति को देखते हुए आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित रखने की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आम जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन उपाय लागू किए जाएंगे। इनका प्रभाव मुख्य रूप से नई दिल्ली जिले और आसपास के क्षेत्रों में देखा जाएगा।

# ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहा धोखा: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल करते हुए पूछा कि ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

**कांग्रेस सांसद ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी से पांच सवाल किए**

### व्यापारी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यवसाई की नौ फरवरी को की गई हत्या के सिलसिले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर दिन में कुछ संदिग्धों को रोककर आत्मसमर्पण करने को कहा गया, तो उन्होंने कथित तौर पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। पैर में गोली लगने की वजह से एक आरोपी घायल हो गया। बाद में पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा गया, जबकि अन्य दो को बाद में दबोचा गया। इस मामले में कुल पांच गिरफ्तारियां की गई हैं। इस कार्रवाई के दौरान कोई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

# वीडियो गेम्स से बच्चों को बनाया जा रहा आतंकी

## अमेरिका में 42 फीसदी मामलों में नाबालिग शामिल

हेग, वार्ता

**माइनक्रॉफ्ट और** राबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो गेम्स अब बच्चों को आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करने का जरिया बनते जा रहे हैं। यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी के मुताबिक, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 फीसदी आरोपी नाबालिग हैं।

2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना बढ़ा है। नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फार काउंटर-टेररिज्म के अनुसार, यूरोप में 20 से 30 फीसदी आतंकवाद विरोधी जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल हैं। संगठन के डायरेक्टर थॉमस रेनॉर्ड ने इसे चौंकाने वाला बताया और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। यूएन के जांचकर्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिये कट्टरपंथी संगठन तेजी से नए सदस्य बना रहे हैं। अब भर्ती की उम्र भी घटती जा रही है। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि राबलॉक्स और डिस्कार्ड जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल बच्चों को ट्रेनिंग देने और भर्ती करने में हो रहा है। गेम्स में ऐसे वर्चुअल वर्ल्ड बनाए जा रहे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में मस्जिदों पर हुए हमले को भी इन गेम्स में दोहराया गया है। 2022 में ब्रिटेन में एक 15 साल की लड़की को एक टेक्सास के नियो-नाजी ने ऑनलाइन ग्रूम किया।



**यूरोप में 20 से 30% केस में 12-13 साल के बच्चे**



## संक्षिप्त समाचार

### चलती गाड़ी पर गिरा विद्युत पोल, सपा नेता लाल बहादुर यादव की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर चलती कार में विद्युत पोल गिरने से समाजवादी पार्टी नेता लाल बहादुर यादव की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बाबूगंज बाजार निवासी सपा नेता लालबहादुर यादव कार से रविवार दोपहर शहर की तरफ जा रहे थे कि बाबूगंज में स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने लग रहे हाईमास्ट लाइट के पोल को खड़ा किया जा रहा था। तभी अचानक पोल असंतुलित होकर कार पर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार के अंदर बैठे लाल बहादुर यादव गंभीर रूप से घ्यायल हो गए। उन्हें अंतू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### धन उगाही के आरोप में सीएचसी अधीक्षक पद से हटाए गए

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मिहींपुरवा ब्लॉक स्थित मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को एएनएम और आशा बहुओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार एवं अवैध धन उगाही के आरोपों के बाद पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित कर सात दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को सैकड़ों एएनएम और आशा बहुओं ने सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने सीएचसी अधीक्षक डा. थानेदार पर अभद्रता और अशोभनीय हरकत का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। एएनएम ऋषु ने नारेबाजी के बीच शिकायती पत्र सौंपते हुए अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए। अन्य महिला कर्मियों ने समय से वेतन न मिलने, वेतन में कथित कटौती तथा धन उगाही जैसे आरोप भी लगाए।

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दर्शन दरबार

# समस्या का समय से निस्तारण करें अधिकारी

गोरखपुर, वार्ता



■ इलाज के लिए पैसों की कमी नहीं आएगी, पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज में परेशानी न हो

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री योगी की एक सुपरिचित पहचान गोसेवक की भी है।

### महाशिवरात्रि पर योगी ने दी शुभकामनाएं श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित पावन पर्व 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर प्रदेशवासियों और तीर्थराज प्रयाग में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास के लिए आए साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन है। उन्होंने प्रार्थना की कि देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे।

## अयोध्या का स्टेशन भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कन्नौज रेलवे स्टेशन को लेकर भाजपा पर कसा तंज, कहा- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बरतें

**लखनऊ।** कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है। रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें। सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जिसको लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई ने नव-उद्घाटित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चारदीवारी गिरने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का खंडन किया था।

## विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

लखनऊ, वार्ता

■ यूपी के 74 जिलों में हेल्पलाइन का शुभारंभ

न्याय तक आमजन की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक दिन पूर्व शनिवार को प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों को रवाना किया और राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय, खंडपीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में भव्य रूप से किया गया।

इस अवसर पर मा. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर तथा न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ न्यायाधीशों और गणमान्य अतिथियों ने गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में उपलब्ध कराए गए इन प्रचार वाहनों का उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता का प्रसार करना है। इन वाहनों के माध्यम से आम नागरिकों को निष्शुल्क विधिक सहायता, उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सपा में शामिल अखिलेश की मौजूदगी में ली सदस्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब बहुजन समाज पार्टी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस छोड़ने के बाद नसीमुद्दीन के सपा में जाने की संभावना पहले से जताई जा रही थी। लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया। उनके साथ अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सपा का दामन थामा। पार्टी के राज मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अखिलेश यादव के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके साथ उनके पुराने और सम्मानजनक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा, ष्मैं पार्टी में सबसे नया हूं और यहां मौजूद सभी नेता मेरे वरिष्ठ हैं।

हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी मजबूत होगी, तो प्रदेश और समाज भी मजबूत होगा। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता और छात्रों को लैपटॉप देने जैसी योजनाएं पहली बार लागू की गईं, जिससे युवाओं को लाभ मिला। इस दौरान नसीमुद्दीन ने शेरो-शायरी का भी सहारा लिया। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज हमारे पास फूल आ गए हैं, तो किसी का फूल मुरझाता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का प्रभावशाली नेता माना जाता है। वे बसपा में लंबे समय तक सक्रिय रहे और मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे।

### उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजयिम 80 फीसदी तैयार

**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में निर्माणाधीन आर्य गुरुकुल म्यूजयिम का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजयिम नई तकनीकों से सुसज्जित होगा, जहां इतिहास को पढ़ने के बजाय महसूस करने का अवसर मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक में परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने बताया कि संग्रहालय में इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आर्य समाज के इतिहास और विचारधारा को प्रस्तुत किया जाएगा।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10



सोना रु. 154000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 250000
प्रति किलो



## वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गई और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं।

बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं। इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया, जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला।

### राम मंदिर का वैभव सात समंदर पार, 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

**लखनऊ।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव जैसे भव्य आयोजनों की गूंज अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। इसी सांस्कृतिक प्रेरणा के तहत रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित इस रामलीला में रूसी कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका एवगेनी, सीता का किरदार दारिया, लक्ष्मण की भूमिका मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत के माध्यम से रामकथा को जीवंत किया जाएगा। इस आयोजन की मुख्य संचालक रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' है, जो डा. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में वर्षों से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रही है। आयोजकों के अनुसार रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश देती है।

## चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट, चीनी, खाद्य तेल मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए, जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 69 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा चार रुपये चढ़कर 3,341 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 319 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 256 रुपये और पाम ऑयल का 222 रुपये बढ़ा। सोया तेल 105 रुपये और सरसों तेल 78 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 36 रुपये की तेजी रही। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 82 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 65 रुपये और मूंग दाल की 11 रुपये बढ़ी। मसूर दाल में 66 रुपये और चना दाल में 61 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17745.59 रुपये, मूंगफली तेल 18288.25 रुपये, सूरजमुखी तेल 16603.41 रुपये, सोया तेल 14074.80 रुपये, पाम ऑयल 12910.73 रुपये और वनस्पति 14573.89 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


## महाशिवरात्रि 2026: काशी-मथुरा में निकली भोलेनाथ की बारात

■ कानपुर, मेरठ और फर्रूखाबाद में बम-बम की गूंज

**वाराणसी।** काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में भोर से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पहली पहर की मंगला आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। आज लाखो की संख्या में भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं यूपी के अन्य शहरों में शिवालयों से ही बम-बम की गूंज नजर आ रही है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली, मेरठ समेत सभी शहरों में शिवरात्रि की धूम नजर आ रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर से भक्तोंकी सुविधा के लिए डिजिटल दर्शन की भी व्यवस्था की है। इस लिंक पर क्लिक कर आप बाबा के दर्शन कर सकते हैं।

सड़कों पर भूत, पिशाच, नर,किन्नर अलग-अलग स्वरूप में बाबा की बारात में शामिल होते हुए नजर आए। यह बारात तिलभांडेश्वर से निकली। बारात में तरह-तरह के कलाकार प्रभु के अलग-अलग स्वरूप में मौजूद थे, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इस मौके पर महंत आवास पर मौजूद बाबा की चल प्रतिमा का श्रृंगार भी हुआ। बाबा दूल्हा के रूप में नजर आए, तो मां गौरा दुल्हन के रूप में सजी दिखीं। महाशिवरात्रि का पर्व देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्म स्थान से भोलेनाथ की बारात हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बैंड-बाजे बाराती और भूत प्रेत की झांकियां के साथ शहर में निकली। बारात अनेक मार्गो से होती हुई श्री कृष्ण जन्मभूमि गेट नंबर एक पर पहुंची, यहीं यात्रा का समापन हुआ। नाथ नगरी के रूप में पहचान रखने वाले बरेली में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग हुई। हर-हर महादेव के जयघोष के बीच जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। आस्था का मुख्य केंद्र इस बार भी महाभारत कालीन मान्यताओं वाला त्रिवटीनाथ मंदिर है। कानपुर के आनंदेश्वर मंदिर में भोर से ही भक्त उमड़ पड़े। यहां आज दिन भर करीब 3 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। भक्तों की सुरक्षा के लिए यहां पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं मेरठ में औघड़नाथ समेत कई मंदिरों में पूजन-अर्चना जारी रही। यहां भोर से ही भक्त शिवालयों में पहुंचने लगे। बम भोले के उद्घोष के साथ भक्तों ने परिवार के साथ भोले बाबा का पूजन-अर्चना कर मंगलकामना की।

## जम्मू-कश्मीर में 8000 बेनामी बैंक अकाउंट फ्रीज

■ सुरक्षा बलों ने बड़े हवाला नेटवर्क का किया भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में बेनामी बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करके मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ किया है। ये 8000 गुमनाम अकाउंट इंटरनेशनल फ्रॉड करने वाले गैंग के 'हथियारों' में से एक हैं। इन अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से साइबर फ्रॉड के लिए किया जाता था। हालांकि सिक्योरिटी एजेंसियों को डर है कि अलग-अलग मिलिटेंट ग्रुप और अलगाववादी ताकतें भी इन अकाउंट का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों के लिए फाइनेंशियल मदद देने के लिए कर सकती हैं।

एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि स्कैम का पूरा इकोसिस्टम इन अकाउंट पर निर्भर करता है। पैसे के लिए कोई डेस्टिनेशन न होने पर स्कैम पहले ही स्टेप में फेल हो जाता है। जो लोग अपने अकाउंट किराए पर देते हैं, वे सिर्फ हालात के शिकार नहीं होते, वे क्राइम के इंजन होते हैं। कार्यालय सूत्रों के मुताबिक एक रिपोर्ट है कि ये गुमनाम अकाउंट साइबर फ्रॉड की दुनिया में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे अहम कड़ी हैं, क्योंकि इन अकाउंट की मदद के बिना क्रिमिनल मनी को क्रिप्टोकरेंसी में बदलना लगभग नामुमकिन है। ऐसे गुमनाम बैंक अकाउंट को 'म्यूल अकाउंट' कहा जाता है। साइबर फ्रॉड करने वाले आमतौर पर अपने नाम के अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वे क्रिमिनल मनी को अलग-अलग जगहों पर भेजने के लिए किसी तीसरे व्यक्ति के अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं। वे पकड़े जाने के खतरे से बचने के लिए इन गुमनाम अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं।

## भारत है सद्भावना का बड़ा केन्द्र: भागवत

गोरखपुर, वार्ता



■ गोरखपुर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बोले संघ प्रमुख मोहन
■ कहा-देश ठीक रहेगा तो हम भी ठीक रहेंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के तहत तारामंडल स्थित बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में सामाजिक सद्भाव बैठक रविवार को हुई, जिसमें विभिन्न जाति, समाज और पंथ के प्रमुख और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि आज सामाजिक नेतृत्व यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि भारत स्वार्थ नहीं देखता, दुनिया के अन्य देशों पर संकट आने पर भारत उनकी सहायता के लिए आगे आता है, भारत सद्भावना का केन्द्र है।

समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो। स्वार्थ का अपनापन टिकता नहीं है। अन्य देशों में विचार है कि मनुष्य से मनुष्य का संबंध एक सौदा है, किन्तु अपने देश में मनुष्यों के संबंध का विचार ऐसा नहीं है। यहां संबंध अपनेपन का है, हमारे देश में अनेक विविधताएं और अनेक रीति-रिवाज हैं। मोहन भागवत ने कहा कि यहां विविधता में एकता है, क्योंकि यहां एक नाता है। भारत को हम माता मानते हैं। एक ही चैतन्य सब में है - वह भगवान है। हमारी अलग-अलग विशिष्टताओं के बावजूद यही नाता हमें जोड़े रखता है, हमारी संस्कृति में हम महिला को वात्सल्य की दृष्टि से देखते हैं। सदियों के आचरण से हमारा यह स्वभाव बना है। हमारे यहां अलग रंग-रूप और वेशभूषा अलगाव का कारण नहीं बनते। हमारे समाज का लक्ष्य जीवन के सत्य को जानना है और जीवन का सत्य भगवान हैं। सरसंघचालक ने कहा कि यही हमारा समान लक्ष्य और समान संस्कृति है। समाज सद्भाव से चलता है, समाज में यदि सद्भावना नहीं है, तो कानून और पुलिस के बावजूद समाज नहीं चलता। संघ के 100 वर्ष पूरे हुए हैं, यह कोई उत्सव की बात नहीं है, जिसे करने में 100 वर्ष लग गए, वह और पहले हो जाना चाहिए था। हमें करना यह है कि ब्लॉक स्तर पर वर्ष में 2-3 बार बैठें, हम अपनी जाति की चिंता कर रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन ध्यान रखें कि हम एक बड़े समाज के लोग हैं। हिन्दू समाज में पूर्ण स्वतंत्रता है, हम हिन्दू समाज के अंग हैं।

# केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे

**ओंकारेश्वर मंदिर में हुई तिथि घोषणा, शीतकालीन यात्रा ने तोड़ा रिकॉर्ड, रावल परंपरा विवाद भी गरमाया**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी हिमालय की गोद में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि महाशिवरात्रि पर्व पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में पंचांग गणना के अनुसार घोषित कर दी गई है।

घोषणा के अनुसार भगवान केदारनाथ के कपाट आगामी 22 अप्रैल प्रातः 8 बजे वृष लग्न में विधि-विधान के साथ ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ खोले जाएंगे। कपाट उद्घाटन से पूर्व धार्मिक परंपराओं का क्रम निर्धारित किया गया है।

18 अप्रैल को केदारपुरी के क्षेत्र रक्षक भैरवनाथ की पूजा शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में सम्पन्न होगी। लोकमान्यताओं के अनुसार भैरव पूजन के बाद भैरवनाथ केदारपुरी की ओर प्रस्थान करते हैं।

19 अप्रैल को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर से भक्तों के जयकारों और सेना के बैंड की मधुर धुनों के साथ केदारनाथ के लिए रवाना होगी। डोली यात्रा गुप्तकाशी, नाला, नारायणकोटी और मैखंडा होते हुए प्रथम रात्रि प्रवास फाटा में करेगी। 20 अप्रैल को डोली फाटा से शेरसी, बड़ासू, रामपुर, सीतापुर और सोनप्रयाग होते हुए गौरीकुंड पहुंचेगी, जहां गौरीमाई मंदिर में रात्रि विश्राम होगा। 21 अप्रैल को डोली गौरीकुंड से जंगलचट्टी, भीमबली और लिनचोली होते हुए केदारनाथ धाम पहुंचेगी तथा भंडारगृह में विराजमान होगी। 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे वृष लग्न में वैदिक मंत्रोच्चार और "जय शंकर, जय केदार" के उद्घोष के साथ कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर में विभिन्न शहरों से आए दानदाताओं द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। कपाट तिथि घोषणा के अवसर पर बद्री-केदार मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि आगामी यात्रा सीजन में केदारनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

इस मौके पर रावल भीमाशंकर लिंग, विधायक आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला सहित मंदिर समिति के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, हक-हकूकधारी और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रावल पर परंपराओं से खिलवाड़ का आरोप

ऊखीमठ। केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग द्वारा महाराष्ट्र के नांदेड़ में अपने उत्तराधिकारी की घोषणा किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। बद्री-केदार मंदिर समिति के पूर्व सदस्य जगदीश प्रसाद भट्ट और हक-हकूकधारियों ने आरोप लगाया है कि परंपरा के अनुसार ऐसा निर्णय शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में होना चाहिए था। उनका कहना है कि मंदिर समिति और हक-हकूकधारियों को विश्वास में लिए बिना नांदेड़ में घोषणा करना धार्मिक परंपराओं के विपरीत है। महाशिवरात्रि पर आयोजित बैठक में इस मुद्दे को लेकर रावल और हक-हकूकधारियों के बीच कहासुनी की भी चर्चा सामने आई है।

### एम.टी. गंगाधर होंगे केदारनाथ के प्रधान पुजारी

ऊखीमठ। मंदिर समिति ने वर्ष 2026 की यात्रा के लिए विभिन्न धामों में प्रधान पुजारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। एम.टी. गंगाधर लिंग को केदारनाथ धाम का प्रधान पुजारी नियुक्त किया गया है। शिव शंकर लिंग को मदमहेश्वर धाम, शान्त लिंग को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, शिव लिंग को ओंकारेश्वर मंदिर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बागेश लिंग को अतिरिक्त प्रधान पुजारी नियुक्त किया गया है।

# विकास से ध्यान भटकाने व चुनावी बुखार चढ़ने का नतीजा है कांग्रेसी प्रदर्शनः परिहार

**सरकार जनकल्याण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध, कांग्रेस की चिंता चुनावी : भाजपा**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेसी प्रदर्शन को देवभूमि के चहुमुखी विकास से ध्यान भटकाने और समय पूर्व चुनावी बुखार चढ़ने का नतीजा बताया है। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने व्यंग किया कि ऐसे राजनैतिक कार्यक्रमों का जनमुद्दों से दूर दूर तक कोई सरोकार नहीं है, सिवाय कांग्रेस नेताओं की अपनी अपनी राजनैतिक बेरोजगारी दूर करने के। जबकि हमारी सरकार जनकल्याण एवं विकास के लिए एक एक क्षण का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने द्वारा जारी बयान में कहा गया कि प्रदेश में विपक्षमुद्दाविहीन और विचारहीन हो गया। वे बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, विकास और जनकल्याण आदि तमाम मुद्दों को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि जनता राज्य में कल्याणकारी सरकार की अवधारणा को फलीभूत होते देख और महसूस कर रही है। कांग्रेस पार्टी के अंदर इस सत्य को स्वीकारने का साहस नहीं है, तभी वह लगातार झूठ, भ्रम और प्रपंच की राजनीति में जुटी है। 2014 के बाद से एक के बाद एक लगातार पराजय से हताश निराश कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बौखलाई हुई है। उनके नेता जमीनी हकीकत और जनमुद्दों से पूरी तरह कटे और आपस में बंटे हुए हैं। यही वजह है कि जन समस्याओं को लेकर सड़क और सदन दोनों जगह सोने वाली कांग्रेस पार्टी, चुनाव की आहट से जग गई है। उनके नेताओं को राष्ट्र समाज निर्माण या जनसरोकारों से कोई मतलब नहीं रहता है। बस अंतर इतना है कि चुनाव के लिए जीने मरने वाली कांग्रेस पर चुनावी बुखार समय से पहले चढ़ने लगा है।

# जनभागीदारी और नैतिक नेतृत्व से ही संभव है वनों का सतत संरक्षणः राज्यपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि वनों का संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रबंधन जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में निवास करने वाले स्थानीय समुदायों को साथ लेकर चलना वन सेवा का मूल दायित्व है। राज्यपाल ने कहा कि वन अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी वन्यजीवों और प्रकृति को अपने परिवार का अभिन्न अंग मानकर कार्य करें।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) रविवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में आयोजित संजय सिंह स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। राज्यपाल ने वर्ष 2025 बैच के वन सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों और वन कर्मियों के कल्याण और उनके परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बीमा एवं कौशल प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी का दायित्व केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह अपने अधीनस्थों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का भी उत्तरदायी होता है।

राज्यपाल ने वन सेवा के अधिकारी स्व. संजय सिंह के साहस, शौर्य, निष्ठा एवं समर्पण को स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले अधिकारी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनके आदर्श वन सेवा के प्रत्येक अधिकारी को प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने स्व संजय सिंह के पिता घनश्याम नारायण सिंह एवं श्रीमती कांति को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने वर्ष 2025 बैच में प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में वन अकादमी की निदेशक श्रीमती भारती, पीसीसीएफ हॉफ उत्तराखण्ड रंजन कुमार मिश्रा एवं वन अकादमी के अन्य अधिकारी सहित प्रशिक्षु अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम ने खटीमा में अधिवक्ताओं को दी दोहरी सौगात

**धामी ने खटीमा सिविल न्यायालय में किया अधिवक्ताओं के लिए नव निर्मित चैम्बर का लोकार्पण, 20 नए चैम्बर बनाने के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक करोड़ की लागत से खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए नव निर्मित चौम्बर का फीता काटकर व दीप प्रज्वालित कर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को महाशिवरात्रि पर्व व नए चौम्बर बनने की बधाई व शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नया चौम्बर अधिवक्ताओं के लिए न्यायिक विमर्श व विधि अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा न्यायिक कार्य सरलता से व त्वरित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न्याय व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि खटीमा व खटीमा के आस पास से आने वाले अधिवक्ताओं के लिए व आम जन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो पुराने गैर जरूरी व अंग्रेजो के जमाने से चले आ रहे कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू करने का ऐतिहासिक काम किया है। जिससे न्यायिक व्यवस्था प्रभावी हो रही है, ई-कोट्स प्रोजेक्ट, नेशनल ज्यूडिसियल डाटाक्रेट, फास्टट्रेक, स्पेशल कोर्ट, महिला एवं बाल अपराधों के लिए त्वरित न्याय तंत्र, ऑनलाइन के माध्यम से सुनवाई और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहलों के द्वारा न्याय व्यवस्था को और अधिक तेज और सुगम बनाने की दिशा में क्रन्तिकारी परिवर्तन किये गए है। उन्होंने कहा की आज न्यायलयों में तकनीकी के प्रभावी उपयोग ने न केवल समय की बचत की है बल्कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया है। जिससे न्याय प्रक्रिया पहले से अधिक विश्वसनीय वैज्ञानिक और प्रामाणिक बनी है।




माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश भर में लगभग 7 हजार से अधिक कोर्ट का व 11 हजार आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड में भी न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने,विधि शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा खटीमा का हर क्षेत्र में विकास किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चौंबर बनाने के लिए 02 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य,विधायक गोपाल सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा,जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिला जज मंजू सिंह मुंडे, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय,बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव भरत पांडे, अधिवक्ता गोपाल सिंह बिष्ट, के डी भट्ट सहित अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधि,जनता मौजूद थे।

# जिला प्रशासन ने लगाई 11 लाख की पैनल्टी

**सरकारी सम्पति को क्षति पंहुचाना पड़ा मंहगा; जिला प्रशासन का एक्शन; नामजद एफआईआर में पार्षद पत्नी भी शामिल, आवासीय नक्शे पर होटल के लिए अवैध खुदाई व राष्ट्रीय राजमार्ग गंभीर क्षति की तीन आरोपियों से होगी भरपाई; चार्जशीट भी जल्द होगी सबमिट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी में राजमार्ग संख्या 707 ए (त्यूनी-चकराता-मसूरी-बाटाघाट) के कि०मी० 162 पर होटल देवलोक के निकट स्थित प्रतिधारक दीवार के क्षतिग्रस्त होने की घटना के संबंध में जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देश पर संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी; प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मसूरी; सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण; अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग डोईवाला तथा जिला खान अधिकारी देहरादून/प्रतिनिधि के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित संपत्ति नगर पालिका अभिलेखों में 349.50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अनीता थलवाल, सुनिता धनई एवं सतीश गोयल के नाम दर्ज है। जिनको एमडीडीए द्वारा आवासीय मानचित्र के माध्यम से भूतल पर 178.85 वर्ग मीटर एवं कुल 420.66 वर्ग मीटर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी।यह स्वीकृति राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद मसूरी, जल संस्थान मसूरी, उप वन संरक्षक मसूरी वन प्रभाग, तथा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं जियोटेक्निकल जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दी गई थी। स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से 4.82 मीटर एवं मध्य रेखा से 10.07 मीटर दूरी पर अनुमन्य था। टीम द्वारा निरीक्षण में पाया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा जेसीबी/एक्सकेवेटर से राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर अवैध खनन किया गया तथा स्वीकृत मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप स्थल पर पूर्व से जमा मलबे का भूस्खलन हुआ, जिससे मार्ग की प्रतिधारक दीवार पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गई तथा यातायात हेतु मार्ग असुरक्षित हो गया है।आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। यातायात को वैकल्पिक मार्गों मोतीलाल नेहरू मार्ग, हाथीपांव मार्ग एवं नगर पालिका मार्ग से संचालित किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मसूरी को मार्ग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने एवं वैकल्पिक मार्गों पर यातायात सुचारु रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग को क्षतिग्रस्त प्रतिधारक दीवार के पुनर्निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने तथा पुनर्निर्माण एवं क्षति से संबंधित समस्त व्यय की वसूली संबंधितों से आरसी के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिए गए है। अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग, डोईवाला को संबंधितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई हैं। एमडीडीए को स्वीकृत मानचित्र निरस्त कर निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी द्वारा खनन विभाग को उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली-2021 एवं संशोधित भण्डारण नियमावली-2024 के नियम 14(5)(क) तथा उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली-2024 के नियम 57(1) के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध खनन की कुल मात्रा 1522.50 घनमीटर / 4384.80 टन (मिट्टी मिश्रित चूना पत्थर) पाई गई है। इस पर रॉयल्टी की तीन गुना दर से (4384.80 ˣ 88.50 ˣ 3) कुल 11,64,164/- (रुपये ग्यारह लाख चौसठ हजार एक सौ चौसठ मात्र) अर्थदण्ड निर्धारित किया गया है, जिसकी सम्बन्धितों से की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुँचाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा जनसुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल में हजारों चालक हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी के ऐतिहासिक परेड ग्राउंड में रविवार को "फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल" के 61वें संस्करण का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। उत्तराखंड की धुंधली पहाड़ियों, सर्दियों की सुनहरी धूप और साल वृक्षों से घिरे वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया।



कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार समेत अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया। इस आयोजन में 1000 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें स्कूली छात्र, युवा, पेशेवर, वरिष्ठ नागरिक तथा फिटनेस प्रेमी शामिल रहे। पूरा परेड ग्राउंड ऊर्जा, संगीत और प्रेरणा से भर गया और दून घाटी एक जीवंत फिटनेस उत्सव में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित खिलाड़ियों और फिटनेस आइकनों की प्रेरक उपस्थिति रही, जिनमें भारतीय बॉक्सिंग की उभरती हुई हेवीवेट खिलाड़ी नूपुर श्योराण, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी गोलकीपर एवं कोच योगिता बाली, ओलंपियन रेस वॉकर मनीष सिंह रावत, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित बास्केटबॉल खिलाड़ी विशेष भृगुवंशी तथा तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड से सम्मानित पर्वतारोही ताशी मलिक व अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल,शामिलरहे। खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों के साथ संवाद कर नियमित फिटनेस और अनुशासन के महत्व पर बल दिया।

इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "चाहे व्यक्ति खिलाड़ी हो या नहीं, उसमें खेल भावना अवश्य होनी चाहिए।

# अल्ट्रासोनोग्राफी एवं रेडियोलॉजी प्रशिक्षण का सफल समापन

**संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून द्वारा सतत् पशु चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पशुचिकित्सा अधिकारियों के लिए आयोजित "पशुओं में अल्ट्रासोनोग्राफी एवं रेडियोलॉजी का व्यवहारिक प्रशिक्षण" का सफल समापन रविवार को हुआ।



उत्तराखंड राज्य पशु चिकित्सा परिषद के रजिस्टार डॉ प्रलयंकर नाथ ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अल्ट्रासोनोग्राफी एवं रेडियोलॉजी की आधुनिक तकनीकों का सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक चन्द्र सक्सेना (भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश) एवं डॉ. अजित कुमार सिंह (सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पशुओं में रोगों के त्वरित, सटीक एवं वैज्ञानिक निदान की क्षमता का विकास करना है, जिससे राज्य में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में प्रभावी सुधार सुनिश्चित किया जा सके।समापन सत्र में परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश उनियाल एवं रजिस्ट्रार डॉ. प्रलयंकर नाथ द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की गई। देहरादून के प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार डुम्का एवं डॉ. लतेश जोशी के सहयोग से प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्रदान किया गया।

डॉ. कैलाश उनियाल ने आशा जताई कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पशुचिकित्सकों की दक्षता में वृद्धि करेंगे तथा राज्य में पशुचिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# प्रदेश में चलेगा सत्यापन अभियान, संदिग्धों की खैर नहीं : डीजीपी

**अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक, घुसपैठियों, बांग्लादेशी तथा संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों को चिन्हित कर की जाएगी सख्त कार्रवाई,थाना स्तर पर होंगी विशेष टीमें गठित, नियमित समीक्षा जवाब देही तय,भय मुक्त वातावरण के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : दीपम सेठ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड दीपम सेठ के निर्देशानुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए सघन सत्यापन प्रारंभ किया गया है। यह विशेष अभियान प्रदेश के सभी जनपदों में सर्किल, थाना एवं चौकी स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत मल्टी स्टोरी अपार्टमेंटस, आश्रम, धर्मशालाएं, किराये के मकान, फ्लैट, पीजी, होम-स्टे, होटल एवं गेस्ट हाउस' में निवासरत व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा। प्रॉपर्टी डीलर, रियल एस्टेट एजेंट एवं ब्रोकर का सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा तथा उनके माध्यम से कराए गए किरायेदारी अनुबंधों की जांच की जाएगी।बिना पुलिस सत्यापन किरायेदारी कराने अथवा 'संदिग्ध व्यक्तियों को आश्रय देने पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। होम डिलीवरी सेवाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी एजेंटों, सिक्योरिटी एजेंसी स्टाफ, कैब संचालकों तथा इंडस्ट्रियल एरिया में ठेकेदारों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। अमेजॉन ,जोमैटो, बिलिंकिट सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से संबद्ध कार्मिकों की पहचान एवं सत्यापन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी।अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए आधुनिक तकनीकी साधनों एवं केंद्रीय डाटाबेस का उपयोग किया जाएगा।



National Intelligence Grid (NATGRID)] CCTNS] ICJ सहित अन्य केंद्रीय/राज्य सुरक्षा पोर्टलों के माध्यम से सूचना मिलान एवं सटीक विश्लेषण किया जाएगा। अवैध रूप से निवास कर रहे प्रवासियों, विशेष रूप से अवैध घुसपैठियों, बांग्लादेशी तथा वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी ठहरे हुए विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही' सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के समस्त रिहायशी क्षेत्रों, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सर्विस सेंटर, कोचिंग संस्थान, जिम, स्कूल, विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट एजेंसियों, ब्यूटी पार्लर एवं सैलून आदि प्रतिष्ठानों में हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। तैनात सुरक्षा कर्मियों का चरित्र सत्यापन कर उन्हें आवश्यक सुरक्षा ब्रीफिंग प्रदान की जाएगी। क्षेत्रों में निवासरत एकल नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनकी सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। उनकी सेवा में लगे घरेलू सहायकों, केयर-टेकर, ड्राइवर एवं अन्य सहयोगी कार्मिकों का भी अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान जनपदीय पुलिस, 'स्थानीय अभिसूचना इकाई, एसओजी एवं एसटीएफ द्वारा समन्वित रूप से कार्यवाही की जाएगी।' प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर आवश्यकतानुसार अन्य राज्यों एवं केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। 'प्रत्येक थाना स्तर पर विशेष फील्ड टीमों का गठन किया गया है। सीओ से लेकर आईजी रेंज स्तर तक समीक्षा व्यवस्था लागू की गई है।पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस का यह व्यापक अभियान महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पूरे अभियान की निगरानी के साथ-साथ हर स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। आपराधिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# गढ़वाल क्षेत्र के मंदिरों में रही महाशिवरात्रि की धूम

## रवांई घाटी के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/ चिन्यालीसौड़।** महाशिवरात्रि पर्व पर रवांई घाटी के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवभक्त जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसरों में पहुंचते रहे।

रवांई घाटी के प्रसिद्ध पौराणिक कमलेश्वर महादेव मंदिर, नागराज मंदिर तथा राधा-कृष्ण मंदिर समेत क्षेत्र के अन्य शिवालयों में विशेष रूप से महिलाओं द्वारा विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। पुरोला तहसील मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर बांज-बुरांश के घने जंगलों के बीच जरमोला धार तक वाहन से पहुंचने के बाद रामा गांव से करीब चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़कर श्रद्धालु कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर नौगांव, बड़कोट, ठकराल, बनाल, जौनपुर तथा सर बडियाड़ क्षेत्र के दूरदराज गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रविवार सुबह से ही कमलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए कतारों में खड़े नजर आए।

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत



कुमुदेश्वर नागराज मंदिर, शिरगुल महाराज मंदिर तथा मोरी क्षेत्र के कोट गांव, देवरा और जखोल में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर और कर्ण महाराज मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर कमलेश्वर महादेव एवं नागराज मंदिर में मंदिर समितियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारा वितरण के दौरान समिति के अध्यक्ष बृजमोहन चौहान, लोकेश नौटियाल, मेघनाथ पंवार, राधेश्याम विजल्वाण, राम नौटियाल, नत्थी सिंह रावत, घनश्याम विजल्वाण एवं रमेश चंद्र बिजल्वाण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उधर नगर पालि. का चिन्यालीसौड़ के वार्ड नंबर 7 बड़ेथी में सिद्ध पीठ पौराणिक गंगेश्वर धाम मंदिर में शिवरात्रि को जलाभिषेक के लिए सैकड़ो भक्त आते हैं महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव ग्रह में जल चढ़ाना बहुत ही शुभ माना जाता है। भोले के भक्तों ने पूरी आस्था के साथ शिवरात्रि का व्रत रखकर भक्ति भाव में लीन हो जाते हैं ।यही आस्था आखिरी उम्मीद नहीं पहला भरोसा है शिव। महाशिवरात्रि में श्री गंगेश्वर धाम मंदिर बड़ेथी में शिवभक्त बड़ी संख्या से जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वही लंबी लाइन में खड़े शिव भक्त जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हैं।, दूर-दूर क्षेत्रों से यहां पर शिव भक्त दर्शन करने और प्रसाद लेने आते हैं। जलाभिषेक कर मंदिर समिति द्वारा आयोजित भंडारे का भोग भी लेते हैं, गंगेश्वर धाम मंदिर के श्री महंत माधव दास त्यागी महाराज से भक्तों को प्रसाद वितरण करते हैं। महंत त्यागी महाराज ने बताया की विगत वर्षों की भांति ही ब्रह्म मुहूर्त से ही शिवभक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पंक्तिबद्ध हो गये थे।

## भोलनाथ के जयकारों से गूंजे श्रीनगर के शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** महाशिवरात्रि पर नगर क्षेत्र के शिवालय भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठे। हर-हर महादेव और ऊ नम: शिवाय के जयकारें लगाते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। नगर क्षेत्र के सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव, किलकिलेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव, कटकेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव मंदिर, अल्केश्वर महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, शंकरामठ सहित नगर क्षेत्र के अनेकों मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रहीं और पूजा अर्चना का भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा को बेर, धतूरा, बेल-पत्र, गंगा जल और दूध से भोले बाबा का विधिवत रूप से जलाभिषेक का पूजा अर्चना की। शिवालयों में शिव भक्त बड़े-बुजुर्ग, युवतियां लंबी-लंबी



■ श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से किया जलाभिषेक

कतारों में लगकर अपनी बारी आने पर पूजा-अर्चना के लिए उत्सुक नजर आ रहे थे। जहां लोग अपनी बारी के इंतजार में शिव मंत्रों का जाप करते नजर आए। इस मौके पर कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पुरी, कटकेश्वर के महंत महेश गिरी ने श्रद्धालुओं के दर्शन करने के लिए मंदिर में व्यवस्था बनाई हुई थी। कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पुरी और नागेश्वर महादेव मंदिर के महंत नीतिन पूरी ने बताया कि कमलेश्वर और नागेश्वर महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा अर्चना की जायेगी।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में हुए हर-हर महदेव के जयघोष

■ अगस्तेश्वर मंदिर में लगी लंबी कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रुद्रप्रयाग।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रात: काल से ही मंदिरों में "हर-हर महादेव" के जयघोष गूंजते रहे और शिवभक्तों ने जल, बेलपत्र, पुष्प, घी, दही, तेल और चंदन अर्पित कर भगवान शिव से परिवार के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

क्षेत्र के प्रसिद्ध अगस्तेश्वर मंदिर, गंगतल महादेव मंदिर, सिल्ला सांडेश्वर महादेव मंदिर, चन्द्रापुरी शिवालय, हाट का प्राचीन शिवालय तथा चन्द्रेशेखर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु व्यवस्थित ढंग से लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए।

अगस्त्यमुनि स्थित अगस्तेश्वर मंदिर में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से



खचाखच भरा रहा और पूरे दिन जलाभिषेक का क्रम जारी रहा। पौराणिक मान्यताओं का उल्लेख करते हुए अगस्त्य मंदिर के आचार्य पं. भूपेन्द्र बेंजवाल ने बताया कि भगवान अगस्त्य द्वारा इस धरा पर सर्वप्रथम शिवलिंग की स्थापना की गई थी, इसलिए इस शिवलिंग को अगस्त्येश्वर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के प्रथम प्रहर में भगवान शिव के दिव्य भोग विग्रह को भगवान अगस्त्य के गर्भगृह से निकालकर महादेव मंदिर में लाया जाता है, जहां विधिवत पूजन के पश्चात विग्रह को शिवलिंग के ऊपर स्थापित किया जाता है। अगस्त्येश्वर के भोग विग्रह के दर्शन अत्यंत शुभ एवं कल्याणकारी माने जाते हैं।

अगस्त्य मंदिर के मठाधीश पं. योगेश बेंजवाल ने बताया कि महा. शिवरात्रि पर्व पर प्रात: से ही विशेष पूजा-अर्चना आरंभ हो गई थी और दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थीं। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और शिवालयों में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## ओणेश्वर महादेव में महाशिवरात्रि मेले का रंगारंग आगाज

■ मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था के केंद्र: विक्रम नेगी

■ स्कूली बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समा, उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पट्टी ओण के प्रसिद्ध ओणेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय भव्य मेले का शुभारंभ हो गया है। मेले का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे, जिन्होंने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और मेले का आनंद उठाया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक



विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थलों पर आयोजित होने वाले मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता के सच्चे प्रतीक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये मेले हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें संजोकर रखना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। विधायक ने क्षेत्र की धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर ओणेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव और थकलेश्वर महादेव मंदिरों में लगने वाले मेले इस क्षेत्र की विशिष्ट पहचान हैं। इन मेलों से क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है।

मेले के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। देवल, ओण थापला और प्रता. पनगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने गढ़वाली, हिंदी और धार्मिक आस्था से जुड़े गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने वहां मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, पूर्व प्रमुख प्रदीप चंद रमोला, ज्येष्ठ प्रमुख प्रकाश चंद रमोला, कनिष्ठ प्रमुख विशन सिंह रांगड, मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव पंवार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युद्धवीर राणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश थलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज रमोला, भाजपा जिला महामंत्री व प्रधान जयेंद्र सेमवाल, प्रिंसी रावत, बर्फ चंद रमोला, शिव सिंह पोखरियाल, रोशन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बगासू महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मंदिर

■ महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए तड़के से ही लगी भक्तों की कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बगासू महादेव मंदिर में आस्था का भव्य स्वरूप देखने को मिला। भगवान शिव के दर्शन, पूजन और शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरा क्षेत्र "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों के उत्साह और भक्ति भाव ने वातावरण को शिवमय बना दिया।

रविवार को महाशिवरात्रि का संयोग होने के कारण मंदिर के बाहर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर समिति के अध्यक्ष राधा कृष्ण कोठारी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त यानी सुबह 5 बजे से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होता गया। भक्तों ने कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए पूर्ण विधि-विधान के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, धतूरा, दूध व जल अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। व्यवस्था बनाने में कृष्ण प्रसाद कोठारी, योगेश कोठारी, सुनील गोपाल, देवेश कोठारी, अंकित, शुभम, अनिल, नितिन, जय गोपाल, मूर्ति राम, ओम प्रकाश, प्रवीण उनियाल और महेश उनियाल सहित अन्य तैनात रहे।

### एक नजर .......

## डा. आलोक प्रतिष्ठित शोध जर्नल की संपादकीय समिति में शामिल

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. आलोक सागर गौतम को अंत. रराष्ट्रीय शोध जर्नल मौसम की संपादकीय समिति का सदस्य नामित किया गया है। डा. गौतम का संपादकीय समिति में चयन होने पर विश्व. विद्यालय के शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। डा आलोक विवि के हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला के मुख्य अन्वेषक भी हैं। डा आलोक सागर गौतम ने बताया कि यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित एक पीयर-रिव्यूड त्रैमासिक वैज्ञानिक शोध पत्रिका है। जर्नल में अंग्रेजी भाषा में मूल शोध लेख, समीक्षा लेख और लघु संचार प्रकाशित किए जाते हैं। जानकारी देते हुए बताया कि मौसम का प्रकाशन इंडिया मेट्रोलाजिकल डिपार्टमेंट द्वारा वर्ष 1950 से किया जा रहा है। इसके प्रमुख विषयों में मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान, मानसून अध्ययन, वायुमंडलीय भौतिकी, एरोसोल एवं वायु गुणवत्ता, जलवायु परिवर्तन, चरम मौसम घटनाएं तथा संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान शामिल हैं। भारतीय उपमहाद्वीप विशेषकर मानसूनी एवं उष्णकटिबंधीय मौसम प्रणालियों से जुड़े अनुसंधान के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है।

## गोला बाजार में हिंदू सम्मेलन 26 फरवरी को

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत स्थानीय गोला पार्क में 26 फरवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेखर रविवार को अदिति स्मृति न्यास में बैठक आहुत की गई। बैठक में सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने



को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर हिंदू सम्मेलन के संयोजक गणेश भट्ट ने बताया कि बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कहा कि गोला बाजार में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। गणेश भट्ट ने बताया कि सम्मेलन में श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन, जागर, धार्मिक संगीत एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदुत्व के मूल स्वरूप, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक समरसता पर संत-महात्माओं एवं विद्वानों द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे। जिससे समाज को नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। बताया कि सम्मेलन में संत-महात्माओं के कि पहुंचने की प्रबल संभावना है। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक मोहित, हिंदू सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, देवेंद्र मणि मिश्रा, संजय गुप्ता, संरक्षक गिरीश पैन्यूली, वासुदेव कंडारी, अजब सिंह रावत, जय बल्लभ पंत, दिनेश असवाल, झाबर सिंह रावत, डा. सुधीर जोशी सहित आदि मौजूद थे।

## बीकेटीसी सदस्य व वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सदस्य एवं वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास पोस्ती के आकस्मिक निधन से केदार घाटी में शोक की लहर छा गई है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, केदार सभा, तीर्थ पुरोहित समाज, व्यापारियों, परिजनों एवं ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

84 वर्षीय श्री पोस्ती का बीते शनिवार की देर शाम हृदयाघात से निधन हो गया। वे पिछले दो दशकों से लगातार बीकेटीसी के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे और धार्मिक व्यवस्थाओं में उनका



■ केदार घाटी शोकाकुल

महत्वपूर्ण योगदान रहा। केदारनाथ यात्रा संचालन में दशकों तक उनकी सक्रिय भागीदारी रही। केदार घाटी में आयोजित धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। लेखन और सोशल मीडिया के क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे तथा धार्मिक विषयों पर उनकी पकड़ गहरी मानी जाती थी। उनके निधन पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, पूर्व विधायक मनोज रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चण्डी प्रसाद भट्ट, अमरनाथ नंबूद. री, बीकेटीसी सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल, शिव शंकर लिंग, टी गंगाधर लिंग सहित बीकेटीसी पदाधिकारियों, केदार सभा, तीर्थ पुरोहित समाज एवं विभिन्न सामा. जिक संगठनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## यथार्थ हॉस्पिटल ने लगाया कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने एस.के. नर्सिंग होम, टिकोनिया चौराहा, हल्द्वानी में कार्डियक साइंसेज और जीआई सर्जरी का नि:शुल्क ओपीडी कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों तक उन्नत सुपर-स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह नि:शुल्क पहुंचाना था।

कैंप को स्थानीय लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया और उन्हें विस्तार से जांच, परामर्श और



■ हृदय रोग व गैस्ट्रो से संबंधित विशेषज्ञ सेवाओं के साथ निशुल्क मिली डॉक्टरी सलाह

आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों की समय पर पहचान, प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी (रोकथाम संबंधी हृदय देखभाल) और पेट व लीवर से जुड़ी बीमारियों की जांच पर रहा। मरीजों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया इस पहल की सफलता को दर्शाती है।इस कैंप में परामर्श का नेतृत्व डॉ. वेद प्रकाश, डायरेक्टर एवं एचओडी, सीटीवीएस, और डॉ. शाहिदुल हक दर, कंसल्टेंट, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक जीआई सर्जरी एवं लीवर ट्रांसप्लांट विभाग ने किया।मरीजों से मिले उत्कृष्ट सहयोग और सराहना को देखते हुए अस्पताल ने घोषणा की है कि अब हल्द्वानी में हर महीने के तीसरे शनिवार को नियमित रूप से नि:शुल्क ओपीडी कैंप का आयोजन किया जाएगा, ताकि समुदाय को विशेषज्ञ हृदय एवं जीआई सर्जरी परामर्श लगातार मिलता रहे।

# अवैध कब्जों से जकड़ा 'उत्तरकाशी' का पूरा सिस्टम

■ वरुणावत बफरजोन में कौन दे रहा बहुमंजिले भवनों के निर्माण की अनुमति?

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी का लाचार सिस्टम सोया होने से वरूणावत पर्वत की तलहटी हल्द्वानी का दूसरा बनभूलपुरा बनने जा रहा है।

वरुणावत भूस्खलन की त्रासदी के बाद लोगों के दिलों से वरुणावत त्रासदी का खौफ अभी भी है। लेकिन अतिक्रमण कारियों बेखौफ हैं और वरूणावत की छाती को फाड कर बीते सालों से अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है। जिला प्रशासन की नाक की नीचे हो रहे



अवैध निर्माण के खेल पर जिला प्रशासन भी खामोश रहा है। और कलमवीर खूद अवैध कब्जा धारी बैठे हैं।

गौरतलब है आपदा की दृष्टि से आती संवेदनशील उत्तरकाशी जोन 4 और 5 में आता है। यहां भागीरथी नदी के किनारे बसे करीब उत्तरकाशी नगरपालिका 12.3 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली है यहां इंच-इंच जगह अवैध कब्जों की जकड़ में है। पालिका की खाली पड़ी भूमि पर करीब 200 से अधिक अवैध भवन खड़े हो चुके हैं। मुख्य रूप से इंदिरा कॉलोनी, गुफियारा, गंगोरी समेत पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों राजस्व विभाग के पटवारी, वन विभाग ,और नगर पालिका के मिली भगत से सारा धंधा वर्षो से खूब फल-फूल रहा है। बता दें कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सुप्रीम कोर्ट में है, जहाँ हजारों परिवारों के विस्थापन का सवाल है; सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक लगाते हुए पुनर्वास योजना की मांग की है। वहीं उत्तरकशी में भी वरूणावत पर्वत की छाती फाड़कर रातों रात बहुमंजिली आशियाना खडे हो रहें हैं। वर्ष 2003 में वरूणावत पर्वत भूस्खलन के दौरान बफरजोन में रह रहे कतिपय लोगों ने मुआवजा लेकर बेखौफ होकर तीन मंजिला आवासीय भवनों का निर्माण कर दिया है। उत्तरकाशी के वरिष्ठ भाजपा नेता बुद्धि सिंह पंवार सोशल मीडिया में लिखते हैं कि ष उत्तरकाशी में अंधेर नगरी चोपट राज है। षउत्तरकाशी में पूर्व में जांच अधिकारी दातादीन पासी की रिपोर्ट पर तत्कालीन अधिकारी का भूमि घोटाला प्रशासन की फाइल में दफन है जिस कारण मनमानी हो रही है। इसमें हैरानी की बात है तो यह भी है कि 70 के दशक में बनी नगर पालिका के अधिकारियों ने अपनी खाली भूमि, पार्क, सार्वजनिक स्टैंड पोस्ट आदि का सर्वे तक नहीं किया है।

पूर्व में नगर पालिका परिषद अंतर्गत अवैध कब्जा की शिकायत पर जांच हुई थी ।

हम इसका प्ररिक्षण करवा रहे हैं। इस के लिए करीब 200 लोगों को नोटिस भी जारी किये गये है। प्रेक्षण के बाद कानूनी कार्यवाही अम्ल में लाई जायेगी ।

**- शालिनी नेगी, उपजिलाधिकारी, भटवाडी, उत्तरकाशी।**

### हाईकोर्ट ने गंगा नदी के किनारे अवैध रिसॉर्ट निर्माण पर लगाई थी फटकार

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गोमुख से उत्तरकाशी तक फैले पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र के भीतर भागीरथी नदी के किनारे कथित अवैध होटल और रिसॉर्ट निर्माण के मामले में राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी असंतोष व्यक्त किया था। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने उत्तरकाशी के जिला मजिस्ट्रेट और अन्य संबंधित अधिकारियों को 3 नवंबर को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया था।

## पेयजल और सड़क की मांग को लेकर क्रमिक अनशन जारी

■ पाव अकरी में आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया अधिकारियों पर गुमराह करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अकरी-बारजुला पट्टी के गांव में पेयजल व सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए पाव अकरी के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन रविवार को छठवें दिन भी जारी रहा। छठवें दिन ग्राम प्रधान पैण्डूला कुलदीप सिंह मियां, आशाराम मंमगाई, बुद्धि सिंह गुसाईं, वंणिका कुमाई, सरोजनी देवी कुमाई, बसंती देवी, होशियार सिंह गुसांई क्रमिक अनशन पर रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर ग्रामीणों ने न्यूली पेयजल योजना के पुनगर्ठन करने, अकरी-बारजुला पंपिंग योजना कि उच्च स्तरीय जांच किए जाने व कोराखाल तोक से मठुर गांव तक मोटरमार्ग का निर्माण कराएं जाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बीते लम्बे समय से ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए मांग करते आ रहें है, लेकिन अधिकारी ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास कर रहें है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर किशन सिंह, धन सिंह, चौता देवी, शकुंतला देवी, पार्वती देवी, आशा देवी सहित आदि मौजूद थे।

# पछवादून क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

■ मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव
बाड़वाला में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेले की भी शुरूआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। तड़के सुबह से ही जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों सहित बाढ़वाला, सेलाकुई सहिया, कालसी, चकराता, त्यूनी, लाखामंडल और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में पहुंचे।

हर-हर महादेव के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। उधर, बाढ़वाला में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला तीन दिवसीय मेला भी शुरू हो गया है। मेले के पहले दिन महाशिवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में लोग मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे। लोगों का हुजूम देख दुकानदारों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से देर शाम तक मेला परिसर में लोगों की खासा भीड़ जमा रही। बूढ़े, बच्चे सभी लोगों ने मेले में जमकर खरीरदारी की। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

श्रद्धालु तनु थापा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिवभक्ति का विशेष महत्व है और इस दिन पूजा करने से मन को शांति मिलती है। मंदिर के पुजारी सुनील पेन्यूली ने कहा कि सुबह से ही लगातार जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का सिलसिला जारी है। इस मौके पर विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि महाशिवरात्रि हमारी संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया, जिससे विकासनगर सहित आसपास के इलाकों में आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

# जोशी ने महाशिवरात्रि पर टपकेश्वर मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना



■ कैबिनेट मंत्री ने कहा - महाशिवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर परिवार संग देहरादून स्थित प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन भगवान शिव की आराधना और आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जाखन में महा शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भंडारे कार्यक्रम में भी सम्मलित हुए।इस अवसर पर महंत कृष्णा गिरि महाराज, महंत दिगंबर गिरि महाराज कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, पार्षद कमली भट्ट, भावना चौधरी, सिकन्दर, संजय नौटियाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### ग्राम नावेतल्ली के लिए जाने वाला सड़क सम्पर्क मार्ग बना जानलेवा

**कोटद्वार।** रिखणीखाल प्रखंड के दुर्गम व सीमांत गाँव नावेतल्ली का शुरुआती मोड़ ,कटान कभी भी जानलेवा व किसी अनहोनी का दावत देता नजर आ रहा है।यह सम्पर्क सड़क मार्ग द्वारी-भौन सड़क मार्ग से 2.5 किलोमीटर कटकर गाँव को जाता है। भंडूखाल नामक स्थान से नावेतल्ली को जाने वाला यह सम्पर्क मार्ग भारी वाहनों व अन्य वाहनों के लिए भी तीव्र मोड़ काटना खतरा व जानलेवा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत विभाग को पिछले साल भी की गई थी किंतु अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है ।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव के गूंजे जयकारे

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार और पर्वतीय क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे शिव भक्तों ने शिवलिंग की पूजा कर सुख, शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी। इस दौरान शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। दिनभर मंदिरों में कीर्तन भजन चलते रहे। बुधवार को सुबह पांच बजे से हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने विभिन्न मंदिरों के शिवालयों में जलाभिषेक किया। कोटद्वार के सिद्धपीठ श्री सिद्धबली मंदिर, सिद्धपीठ सुखरो देवी मंदिर, फलाहारीबाबा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, बालाजी मंदिर,संतोषी माता मंदिर, गीता भवन मंदिर, घराट स्थित शिव मंदिर, सिंदूरा देवी मंदिर, भैरव मंदिर, श्री सिद्धबली मंदिर गूलरझाला, जगदेव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शिव भक्तों ने लाइन पर लगकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। शिव मंदिरों में पूरे दिन भजन-कीर्तन चलते रहे। वहीं दुगड्डा के दुर्गादेवी मंदिर शिवालय, यमकेश्वर के महाबगढ़ मंदिर, धुमाकोट के लघुकेदार, सल्डमहादेव मंदिर, सतपुली के दंगलेश्वर महादेव, जयहरीखाल के ताड़केश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने लाइन पर लगकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

### सहसपुर ब्लॉक प्रधान के लिए शुभम मल्ल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**सहसपुर।** ब्लॉक सहसपुर प्रधान संघ के चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु शुभम मल्ल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उनके निर्विरोध चयन पर उपस्थित समस्त ग्राम प्रधानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपाध्यक्ष पद पर विवेक कुमार निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर शैलेश थपलियाल को दायित्व सौंपा गया। सचिव पद पर अर्जुन कुमार तथा सह-सचिव पद पर अजय पन्यूली को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, ग्राम प्रधानों के अधिकारों की रक्षा एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और अंत में सभी ने संगठन की एकता एवं सहयोग की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### शिवरात्रि को शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब



**चकराता/विकासनगर।** छावनी बाजार चकराता श्री चिंताहरण महादेव मंदिर एवं चिलमिरी शिव मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर भक्तों तांता लगा रहा है ओर शिवालयों पूजा अर्चना की साथ ही शिव लिंग पर जल चढ़ाया गया। वहीं तहसील चकराता के लाखामंडल शिव मंदिर में श्रद्धालु दर्शन पूजा अर्चना कर लिग का जाला अभिषेक किया, इसके अलावा भाटाड स्थित केदार मंदिर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर सिदेश्वर गिरी, राजेश्वर, अनूप चौरसिया, शुभम कुकरेजा, पीयूष जोशी, अरविंद जोशी, उमेश जोशी, महिमानद गॉड, सुशील गॉड, बाबू राम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि का पावन उत्सव हनुमान धाम विकासनगर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर ओम नम: शिवाय का जाप और 101 दूध और जल से शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में हनुमत धाम के महंत विष्णु महावर ने कहा कि आज के दिन शिव पार्वती का विवाह हुआ था आज के दिन पूजा पाठ करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर पंडित जीवन भट्ट , पंडित उनियाल, विकास शर्मा, रमेश अरोड़ा, सूरज प्रकाश, राजकुमार जायसवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विनोद मित्तल, मदन शर्मा आदि सेवक उपस्थित रहे।

# चकराता में महिला पुलिस तैनाती की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पर्यटन नगरी के रूप में तेजी से विकसित हो रहे चकराता में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग उठने लगी है। व्यापार मंडल चकराता के तत्वावधान में रविवार को व्यापारियों ने कोतवाल चकराता को ज्ञापन सौंपते हुए थाने में महिला पुलिस कांस्टेबल एवं महिला पीआरडी जवान की शीघ्र तैनाती की मांग की।

व्यापारियों का कहना है कि चकराता में वर्षभर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने के साथ कई बार ऐसी परिस्थितियां भी सामने आती हैं, जब कुछ महिलाएं नशे या अन्य कारणों से होटलों, दुकानों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर अनुचित व्यवहार करती हैं। पूर्व में ऐसे कई मामले कोतवाली तक भी पहुंच चुके हैं। व्यापारियों ने कहा कि इस प्रकार की स्थितियों में महिला पुलिसकर्मी न होने के कारण पुलिस को कार्रवाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई बार हालात संभालना चुनौतीपूर्ण हो जाता है और महिला संबंधित मामलों में संवेदनशील तरीके से कार्रवाई कर पाना मुश्किल हो जाता है।उन्होंने मांग की कि चकराता कोतवाली में महिला कांस्टेबल एवं महिला पीआरडी जवान की तैनाती अत्यंत आवश्यक है, ताकि कानून-व्यवस्था को बेहतर ढंग से बनाए रखा जा सके और महिला संबंधित मामलों का समाधान सुचारु रूप से हो सके। इस संबंध में व्यापारियों ने देहरादून पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को भी ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, व्यापारी अमित जोशी, सचिव रवीश अरोड़ा, अनिल चौहान, अंकित मोहल, राहुल चौहान सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पट्टी रौणद रमोली स्थित सिद्धपीठ थकलेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति की गंगा बह निकली। यहां नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के अद्वितीय संगम के बीच निकली इस कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल-दमाऊं की थाप और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कलश यात्रा का शुभारंभ थापला मंदिर से पूरे विधि-विधान के साथ हुआ। सिर पर मंगल कलश धारण किए सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं का हुजूम जयकारों के बीच आगे बढ़ा और सकुशल पुजारगांव स्थित मंदिर परिसर पहुंचा। यात्रा के दौरान "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के गगनभेदी उद्घोष से घाटियां गूंज उठीं।

# कांग्रेस का एजुकेशन सिटी का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश मे लैंड जिहाद के लिए सरकार की निर्णायक कार्यवाही को सराहनीय और देव भूमि की डेमोग्राफी को बदलने की मंशा पर कड़ा प्रहार बताते हुए कहा कि कांग्रेस जिस तरह इन फैसलों का विरोध कर रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है।डाकपत्थर में प्रस्तावित एजुकेशन सिटी को लेकर कांग्रेस के विरोध पर भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट नेनेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा

कि लैंड जिहादियों के लिए कांग्रेस एजुकेशन सिटी का विरोध कर रही है और यह उसकी सोच को प्रदर्षित करती है। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पैरोकारों को आधुनिक शिक्षा रास नहीं आ रही है। राज्य के विकास से अधिक चिंता उन्हे लैंड जिहादियों



की है।महेंद्र भट्ट ने कहा कि डाकपत्थर में जिस जमीन पर उत्तराखंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड एजुकेशन सिटी विकसित करने जा रहा है, उसे लेकर कांग्रेस परेशान और चिंतित है। एजुकेशन सिटी के बावजूद वहां भविष्य की जल विद्युत परियोजनाओं से जुड़े कार्यों के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। भट्ट ने कहा कि एजुकेशन सिटी बनने से उत्तराखंड देश में शिक्षा के क्षेत्र मे और उन्नति की ओर होगा। इससे न सिर्फ डाकपत्थर क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि पूरे उत्तराखंड को एजुकेशन हब के रूप में पहचान मिलेगी। भाजपा सरकार देश को आगे बढ़ाने को शिक्षित युवा तैयार कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद नही चाहती कि अल्पसंख्यक वर्ग शिक्षित हो। कांग्रेस ने हमेशा उस वर्ग को अशिक्षित रखने का प्रयास किया और यही वजह है कि जहां भी उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा की बात आती है, तो कांग्रेस किसी न किसी रूप में विरोध शुरू कर देती है।भट्ट ने कहा कि धौलास प्रकरण मे भी कांग्रेस का विरोध सबने देखा है और उसकी मंशा आखिरकार अपने गुनाह पर पर्दा ढकने के रूप मे सामने आ ही गया। अपनी खो चुकी सियासी जमीन को बचाने के लिए वह हर हथकंडा अपना रही है। नतीजा यह है कि लैंड जिहादियों से हाथ मिलाने से भी कांग्रेस को परहेज नहीं है।

# एसएसपी ने टपकेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भगवान भोलेनाथ के महापर्व महाशिवरात्रि के मौके पर राजधानी के प्रमुख मंदिर स्थल टपकेश्वर महादेव मंदिर में रविवार तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दूध व जल से भोलेनाथ का अभिषेक करने को टपकेश्वर में उमड़ी रही।

राजधानी में आस्था के बड़े केंद्रों में से एक टपकेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के आगमन की सुरक्षा व्यवस्था का राजधानी के नए कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने जायजा लिया ।भ्रमण के दौरान कप्तान प्रमेन्द्र द्वारा उपस्थित अधिकारियों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को किए गए सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी प्राप्त करते हुए पूर्ण सजकता एवं सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए ।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने टपकेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर मंदिर समिति के पदाधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता की। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के सुव्यवस्थित दर्शन के लिए पुलिस के किए गए प्रबंधों की सराहना की।

# तस्मिया एकेडमी में सजी मोहब्बत और भाईचारे की महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून स्थित तस्मिया एकेडमी, 1 इंदर रोड में "एक शाम भाईचारे के नाम" शीर्षक से कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एस. फारुक, अध्यक्ष हिमालय वेलनेस देहरादून ने की। मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी धनंजय उपाध्याय तथा सय्यद मोहम्मद कासिम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी एकता का संदेश देना था। शायरी और कविता की इस महफिल में शहर के प्रतिष्ठित रचनाकारों ने अपने-अपने अंदाज में मोहब्बत, इंसानियत और सामाजिक सरोकारों की बात कही।

भाईचारे और एकता का संदेश

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एस. फारुक ने कहा कि हम सब एक ही मां-बाप की औलाद हैं और देश के विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करना समय की आवश्यकता है।मुख्य अतिथि धनंजय उपाध्याय ने कहा कि आज के व्यक्तिवाद के दौर में भाईचारे की बात करना भी मानो अपराध समझा जाने लगा है, लेकिन आज जो भाईचारे की शमा रोशन हुई है, उससे देश में एकता का उजियारा अवश्य फैलेगा। केजी बहल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज से नफरत मिटाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। सय्यद मोहम्मद कासिम ने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार की महफिलें बेहद आवश्यक हैं, क्योंकि यही आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। शायरों ने बांधा समां मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। असलम खतौलवी ने पढ़ा "शजर को काट के पौधे नए बोने की जिद है, अजब इंसान है, जिसको खुद होने की जिद है।" बदरुद्दीन जिया, देहरादून ने कहा "खुश रहा शुक्र-ए-खुदा कर लिया,मुझको जो कुछ मिला इक्तिफा कर लिया।"अंबर खरबंदा, देहरादून ने भावपूर्ण अंदाज में पढ़ा "दर्द के गहरे समुंदर में उतर जाता, तो मैं अगर तल्खी-ए-हालात से डर जाता, तो

ये मेरे फूल से बच्चे भी तो कुम्हला जाते मैं जो दिन भर की थकान ओढ़ के घर जाता, तो।" शादाब मशदी ने शानदार संचालन का दायित्व निभाया। अंबिका सिंह रूही, देहरादून ने पढ़ा "रहगुजर की तपती रेत सा आतिश-जदा हर पल,तुम हो मुहब्बत का शहर, तुम साथ आ जाओ।" राजेश आनंद असीर, देहरादून ने भी अपना कलाम प्रस्तुत किया। शाख दूनवी, देहरादून ने कहा "जब उनकी जुल्फों को सरे-दीवार जमाल आया था,तब उन्हें हुस्न को ढकने का ख्याल आया था।"रईस अहमद "फिगार", देहरादून ने पढ़ा "आंख में जो पानी है, दर्द की निशानी है,आंख की चमक लेकिन सच की पासबानी है।ए. एम. इम्तियाज कुरैशी, देहरादून ने कहा "मेरा उस्ताद कोई एक नहीं,सारी दुनिया सिखा रही है मुझेआयोजकों ने व्यक्त किया आभार कार्यक्रम के आयोजन में एनएपीएसआर के आरिफ खान, इंसाफ की दस्तक के मोहम्मद शाह नजर तथा बल्ड फेयर के सुमित गर्ग की प्रमुख भूमिका रही। सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर एम. एम. मुस्तफा, अफजल जमीर बैग, इकराम अंसारी, आर. के. भाख्शी, डॉ. अनवर अहमद, अफसाना सुल्तान, गिरीश पंत, कविता खान, तौसीफ खान, मौलाना अब्दुल वाजिद, सय्यद दानिश, डॉ. असगर अली, अमर सिंह, संजय कुमार, आनंद सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।यह आयोजन सचमुच भाईचारे, एकता और मोहब्बत के संदेश से ओतप्रोत एक यादगार शाम साबित हुआ।

# गंगोत्री-गोमुख ट्रैक अनुमति 1 अप्रैल से शुरू करने की मांग

■ उत्तरकाशी का एक्सप्लोर पोर्टल में बदलाव की उठाई मांग

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी:** गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग एवं माउंटेनियरिंग संगठन ने जिला अधिकारी उत्तरकाशी से मुलाकात कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है, जिसमें गंगोत्री-गोमुख ट्रैक अनुमति एक अप्रैल से शुरू करने की मांग की गई है।

संगठन के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा ने पत्र में कहा है कि उत्तराखंड शासन के शासनादेश के अनुसार गंगोत्री नेशनल पार्क अंतर्गत गंगोत्री-गोमुख ट्रैक हेतु अनुमति अवधि प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 30 नवंबर तक निर्धारित है, लेकिन गत दो वर्षों से अनुमति 20 अप्रैल के पश्चात निर्गत की जा रही है, जिससे ट्रैकिंग गतिविधियों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

जयेंद्र सिंह राणा ने कहा कि अनुमति निर्गत होने में विलंब से न केवल व्यवसायिक गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं, अपितु स्थानीय रोजगार, स्वरोजगार एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए, उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि शासनादेश के अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए गंगोत्री-गोमुख ट्रैक की अनुमति 1 अप्रैल से विधिवत रूप से प्रारंभ कराए जाने हेतु जिला पर्यटन विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत करने की मांग उठाई गई है।गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग एवं माउंटेनियरिंग संगठन ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य को पत्र लिखकर एक्सप्लोर पोर्टल डॉट कॉम पोर्टल में बदलाव की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा ने बताया कि ट्रेकिंग अनुमति प्रणाली में व्यावहारिक खामियां हैं, जिससे पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड ट्रैकिंग नियमावली 2026 पोर्टल प्रणाली में पर्यटकों और गाइड को ट्रेकिंग परमिट आवेदन को एक्सेप्ट करने का अधिकार दिया गया है, जबकि ट्रेकिंग गतिविधि से संबंधित संपूर्ण कानूनी, प्रशासनिक, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन संबंधी दायित्व टूर ऑपरेटर एवं कंपनी पर ही निर्धारित होता है। संगठन ने सुझाव दिया है कि ट्रेकिंग परमिट आवेदन को एक्सेप्ट करने का अधिकार टूर ऑपरेटर, कंपनी को दिया जाना चाहिए, न कि पर्यटकों या गाइडों को। इससे अनुमति प्रक्रिया सरल होगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।संगठन का कहना है कि यदि मेम्बर्स, गाइड फोन नहीं उठाता या सिस्टम नहीं जानता और जानबूझकर एक्सेप्ट नहीं करता, तो परमिट अटक जाएगा, जिससे ऑपरेटरों का पेमेंट फंस जाता है। संगठन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि ट्रेकिंग परमिट आवेदन एक्सेप्ट केवल टूर ऑपरेटर कंपनी के द्वारा ही किया जा सके और पर्यटकों, गाइडों को इस अनुमति सम्बंधित झमेले से बाहर रखा जा सके।वहीं उत्तरकशी के एम.डी स्नो स्पाइडर ट्रेक एंड टूर के भागवत सेमवाल ने बताया कि नई नियमावली जटिल बनाई गई है जिससे स्थानीय ट्रेक एंड टूर ऑपरेटरों और एजेंसियों को परेशानी हो रही है ।जबकि बाहर की एजेंसियों को महज दो दिनों में अनुमति मिल जाती है। इधर उत्तरकाशी के जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी ने बताया कि नए पोर्टल पर जनपद की सभी ट्रेकिंग एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी एजेंसी का प्रोफाइल, पंजीकरण विवरण, कार्यरत गाइडों के प्रमाणपत्र व अनुभव अभिलेख तथा अन्य सभी आवश्यक सूचनाएं पोर्टल पर अपडेट रखने को कहा गया है।

प्रत्येक एजेंसी के लिए कम से कम दो स्वीकृत व प्रशिक्षित गाइडों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जिनके किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से माउंटेनियरिंग प्रशिक्षण, हाई-एल्टीट्यूड व फर्स्ट एड प्रमाणपत्र, अनुभव विवरण तथा पहचान दस्तावेज पूरी तरह से सत्यापित एवं अपलोड होने चाहिए। उन्होंने बताया कि ओटीपी नहीं ई-मेल किया जाता है।उन्होंने बताया कि जिले में 125 एजेंसी और , गाईड 50 है।

# सहसपुर पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो चोर किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा चोरी के माल के साथ 2 चोरो को किया गिरफ्तार। पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों चोरो को जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते रोज 14 तारीख को वादी सादिक पुत्र फकीरा निवासी रामपुर कला थाना सहसपुर के द्वारा कोतवाली सहसपुर पर तहरीर दी कि 13 तारीख को अज्ञात चोरो के द्वारा शंकरपुर स्थित उत्तराखंड जल सस्थान पानी की मोटर रिपेयर गोदाम से मोटर की केबिल काटकर चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोतवाली सहसपुर पर तत्काल धारा 305 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण प्रभारी निरीक्षक सहसपुर



द्वारा एसआई राजीव धारीवाल के नेत्रत्व में टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबीर तन्त्र को मामूर किया एंव घटना स्थल और आसपास के लगभग सभी सीसी टीवी कैमरो का अवलोकन करते हुए मुखबीर की सूचना पर चोरी किये गये मोटर केबिल के साथ 2 आरोपी फिरोज पुत्र स्व0 जिन्दा हसन निवासी गुजरो वाली गली शंकरपुर थाना सहसपुर व अजीम पुत्र तैय्यब निवासी फकीरो वाली गली शंकरपुर बडा रामपुर थाना सहसपुर मूल निवासी अजीम कालोनी नजदीक मुस्ताक मस्जिद थाना कुतुबसेर जिला सहारनपुर यूपी को शकरपुर रामपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने दोनो आरोपियों के पास से केबिल तार 2 कट्टे कीमत करीब 30000 रुपये का सामान बरामद किया। पुलिस टीम में एसआई राजीव धारीवाल कोतवाली सहसपुर, हेड कांस्टेबल डबल सिंह, सिपाही राजबीर भंडारी शामिल रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुई धर्मनगरी

## शिवालयों में उमड़ी आस्था की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की विभिन्न शिवालयों में लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही "हर-हर महादेव" के जयघोष गूंजते रहे और पूरा शहर शिवमय नजर आया।

कनखल स्थित पौराणिक महत्व वाले दक्षेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर विधिवत



पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का विवाह हुआ था और इस दिन सच्चे मन से आराधना करने पर भोलेनाथ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। दक्षेश्वर महादेव मंदिर के अलावा तिल भंडेश्वर मंदिर, बिल्केश्वर मंदिर, नीलेश्वर महादेव, दरिद्र भंजन, दुख भंजन, पारे के शिवलिंग मंदिर तथा बिलकेश्वर कॉलोनी स्थित बिलकेशवर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। जगह-जगह रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर भक्तों द्वारा प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण भी किया गया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। शिव मंदिरों को फूलों और रंगीन रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आलोकित बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना

# एसएसपी ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिले के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी ने रविवार को सवेरे रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। कार्यभार संभालने के बाद एसएसपी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। एसएसपी सबसे पहले पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने वहां की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने पूरे पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान कप्तान ने पुलिस कर्मचारियों के रहने वाले बैरक का भी बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई और कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को देखा।



परिसर में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए एसएसपी ने प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस लाइन की मर्यादा और अनुशासन में किसी भी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना और उनके समय पर निस्तारण के आदेश दिए।

## कावंड़ यात्रियों व स्थानीय लोगों के बीच हुई मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के दक्षेश्वर महादेव मंदिर के आसपास कांवड़ यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया हरियाणा से आए कुछ कांवड़िये मंदिर क्षेत्र में दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर स्थानीय युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। पहले दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई, जिसके बाद हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन कुछ समय के लिए स्थिति नियंत्रण से बाहर होती नजर आई। मारपीट के दौरान आसपास मौजूद श्रद्धालुओं और दुकानदारों में दहशत का माहौल बन गया। भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी मच गई।

# मारपीट व धमकी देने के आरोप में 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## घटना में पीड़ित युवक के बाएं हाथ की हड्डी तीन जगह से टूटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में एक युवक के साथ कृषि मंडी ज्वालापुर में गाली-गलौच करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ज्वालापुर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार ज्वालापुर के सराय रोड स्थित राजलोक कॉलोनी निवासी वैभव दत्ता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार की रात वह ज्वालापुर कृषि मंडी में अपने परिचित की दुकान में गया था। इसी दौरान सैफ मंसूरी पुत्र ईनाम वहां पहुंचा और बिना किसी कारण गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने फोन कर अपने कुछ साथियों को मौके पर बुला लिया। पीड़ित के अनुसार सैफ मंसूरी और उसके साथियों सहरीयाज निवासी कस्साबान, चांद सलमानी निवासी हज्जाबान, सुहैल मंसूरी निवासी ज्वालापुर व कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। घटना में युवक के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने हाथ में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि की। वहीं, ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# विरोध प्रदर्शन की कांग्रेस नेताओं ने की कड़ी आलोचना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजधानी देहरादून में कांग्रेस के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन की कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आलोचना की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह एवं कांग्रेस अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि ने कहा कि सत्ता के इशारे पर प्रदेश में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों को किन मुद्दों लेकर विरोध किया जा रहा है। इसकी जानकारी तक नहीं थी। सोची समझी नीयत से दलित समाज को इस्तेमाल किया गया। बालेश्वर सिंह एवं तीर्थपाल रवि ने कहा कि प्रदर्शन में दलित समाज के वह लोग भी शामिल थे। जिन्होंने समाज के साथ अत्याचार और शोषण के खिलाफ कभी आवाज नहीं उठायी। उन्होंने कहा कि बेलड़ा प्रकरण, शांतरशाह में दलित बेटी के साथ बलात्कार और हत्या, वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने, पंचायत चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता यशपाल आर्य के अभद्रता, ओवरलोडिंग वाहनों से होने वाली दुर्घटनाएं, नशे का कारोबार आदि मुद्दों पर इन नेताओं ने हमेशा चुप्पी साधे रखी। तीर्थपाल रवि ने कहा कि समरसता भवन एवं सामुदायिक भवन की घोषणा आज तक पूरी नहीं की गई है। जात-पात धर्म के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेकी जा रही हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर, धर्म की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रैसवार्ता के दौरान





सीपी सिंह, वेदपाल तेजियान, अजय दास महाराज ने प्रदर्शन पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि समाज को जात-पात धर्म के नाम पर बांटने का काम किया जा रहा है। मनोज सैनी, दिनेश कुमार, प्रियव्रत सिंह, राजेंद्र कुमार, विक्रम तेजयान, कैलाश प्रधान, अक्षय नागपाल, झंडा सिंह, सत्यपाल शास्त्री, सतीश दुबे, वीरेंद्र श्रमिक आदि मौजूद रहे।

# गंगा में डूबने से पंजाब के युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चौधरी चरण सिंह घाट पर नहाते समय पंजाब से आए एक युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व जल पुलिस की संयुक्त टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर कोतवाली पुलिस को शनिवार दोपहर सूचना मिली कि ऊंचे पुल के पास एक युवक स्नान करते समय गंगा की तेज धारा में बह गया है। युवक पहले उथले पानी में नहा रहा था, लेकिन कुछ ही क्षणों में वह गहराई की ओर चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही जल पुलिस को भी बुलाया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में सर्च अभियान शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मृतक की पहचान शिव शंकर (24) पुत्र दयापाल निवासी साईं नगर लोनार थाना फतेहपुर 84 जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश। वह पंजाब में काम करता था। हरिद्वार घूमने आया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और उनके हरिद्वार पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

## भक्तों का कल्याण करते हैं महादेव : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि पर निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने श्री दक्षिण काली मंदिर स्थित शिव मंदिर में महादेव शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि जलाभिषेक से ही प्रसन्न हो जाने वाले देवों के महादेव शिव सदैव भक्तों का कल्याण करते हैं। महाशिवरात्रि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम अवसर है। महाशिवरात्रि पर पूर्ण श्रद्धाभाव से महादेव शिव का जलाभिषेक करें। जलाभिषेक करते समय माता पार्वती का भी ध्यान अवश्य करें। ऐसा करने से माता पार्वती और भगवान शिव की सम्मिलित कृपा प्राप्त होती है।

# विराट हिंदू सम्मेलन का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बहादराबाद स्थित स्प्रिंग फिल्ड स्कूल परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महंत स्वामी सुतीक्षण मुनि श्री जगद्गुरु उत्तरतीर्थ अखाड़ा ने कहा कि संघ के 100 वर्ष समाज संगठन, राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित और जागरूक रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। मुख्य वक्ता संघ के क्षेत्र सह-संपर्क प्रमुख हरीश ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नवसंकल्प का अवसर है। सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से समाज को जोड़ना ही संघ का मूल



ध्येय रहा है। बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड अनुज वालिया ने अपने संबोधन में समाज को तथाकथित लव जिहाद जैसी घटनाओं के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि युवाओं को सजग एवं संस्कारित बनाना समय की मांग है तथा अभिभावकों को अपने बच्चों के मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विनय चौहान के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रश्मि चौहान ने तथा संचालन वीर प्रताप चौहान ने किया। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित राजकुमार, सुशांत, प्रमोद शर्मा, पंकज, योगेश चौहान, रजनीश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोबाइल झपट कर फरार युवक को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली सिडकुल क्षेत्र में मोबाइल झपट्टा मारकर फरार हो रहे एक युवक को सतर्क लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना बीते शनिवार की है, जब नवोदय नगर चौक के पास रिलैक्स कंपनी के समीप सत्येंद्र पाल का मोबाइल छीनकर आरोपी फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा कर आरोपी तुषार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी आवास विकास कॉलोनी इस्लामपुरदास, जिला बिजनौर (उ.प्र.) को धर दबोचा और छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी सहित पुलिस के हवाले कर दिया। सिडकुल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी सिडकुल नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से ओप्पो मोबाइल और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली गई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# दो नाली बंदूक और जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली सिडकुल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक युवक को अवैध दो नाली बंदूक और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक असलाह के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला करता था और कई वीडियो में वह हवाई फायरिंग करते हुए भी नजर आ रहा है।

सिडकुल थानाध्यक्ष रितेश शर्मा ने बातया कि शनिवार को कोतवाली सिडकुल क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान उपनिरीक्षक शैलेंद्र ममगई व चेतक पुलिस टीम ने पतंजलि विश्वविद्यालय से आगे जंगल की ओर से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध दो नाली बंदूक तथा 12 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी की पहचान मंजीत सिंह



पुत्र आलम सिंह निवासी टीरा टोंगिया, थाना सिडकुल, हरिद्वार के रूप में हुई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी युवक अवैध असलाह के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करता था। कुछ वीडियो में वह खुलेआम हवाई फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन सकता था। पुलिस अब इन वीडियो की भी जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शैलेंद्र ममगई व कां. मनीष शामिल रहे।

## संत समाज ने दी ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास को श्रद्धांजलि

# दिव्य महापुरूष थे ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में सभी तेरह अखाड़ों के संतों ने ब्रह्मलीन कोठारी महंत निरंजन दास को श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत आत्माराम की अध्यक्षता और म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति और मानव कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास दिव्य महापुरूष थे। उनकी शिक्षाएं सदैव समाज का मार्गदर्शन करती रहेंगी। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के श्रीमहंत दुर्गादास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास त्याग, तपस्या ओर सेवा की प्रतिमूर्ति थे। अखाड़े की प्रगति में उनका अहम योगदान रहा। उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते मानव सेवा में योगदान का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी एवं निर्मल अखाड़े के कोठारी महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास संत समाज के प्रेरणा स्रोत थे। त्याग और तपस्या से परिपूर्ण उनका जीवन सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। महंत आत्माराम ने कहा कि संतों का जीवन परमार्थ के लिए ही होता है। ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास ने आजीवन समाज के





जरूरतमंद वर्ग की सेवा में योगदान दिया। महंत रामनोमी दास ने सभी संत महापुरूषों और अतिथीयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रचार प्रसार करने में ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास का अहम योगदान रहा। उनके ब्रह्मलीन होने से अखाड़े को भारी क्षति हुई है। जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं होगा। विधायक मदन कौशिक, पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने भी ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कोठारी महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास, महंत सूर्यांश मुनि, महंत जयेंद्र मुनि, महंत प्रेमदास, महंत सेवादास ने भी संतों महंतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत भरत दास, महंत कपिल मुनि, महंत जसविंदर सिंह, महंत सेवादास, महंत दुर्गादास, स्वामी राम मुनि, महंत अरूण दास, महंत हनुमान दास, महंत मुरली दास, महंत कैवल्यानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत रघुवीर दास, महंत दिगंबर मुनि, महंत सूरज दास, महंत जयराम दास, महंत कमल मुनि, आईडी शास्त्री सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष मौजूद रहे

## राजलोक कालोनी में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित राजलोक कॉलोनी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर किरण जैसल, विधायक आदेश चौहान, पर्यटन राज्य मंत्री ओमप्रकाश जगदंमनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण वशिष्ठ, पार्षद नागेंद्र राणा, कार्यक्रम संयोजक संदीप शर्मा



भी शामिल हुए और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मेयर किरण जैसल ने कहा कि भगवान शिव सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण कर देते हें। शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से परिवारों में सुख समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि शारदीय कांवड़ मेले में आए शिव भक्त कावड़ियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में नगर निगम की और से बेहतर सुविधाएं प्रदान की गयी। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भगवान शिव अपने सभी भक्तों का कल्याण करते हैं। राज्य मंत्री ओमप्रकाश जग्दम्नि ने सभी को शिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्र के संयोजक संदीप शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## शराब तस्करी व सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे तीन पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने देशी शराब की तस्करी और सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग स्थान से धरे गए आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के 102 पव्वे, सट्टा सामग्री ओर 1450 रूपए की नकदी बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम व जुआ अधिनियम के तहत मुकद्मे दर्ज किए गए हैं। नशा तस्करी और जुआ सट्टा आदि गतिविधियों में संलिप्ल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाते हुए चेकिंग के दौरान शिव प्रसाद पुत्र बच्ची राम निवासी गली नंबर 3 खन्ना नगर व वंश शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी गली नंबर बी-5 सुभाष नगर ज्वालापुर को देशी शराब सहित दबोच लिया। शिवप्रसाद के कब्जे से 50 व वंश शर्मा के कब्जे से 52 पव्वे बरामद हुए। इसके अलावा पुलिस टीम ने सैफ अली पुत्र स्व.नफीस अहमद निवासी मोहल्ला मैदानियान ज्वालापुर को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर विधायक अनुपमा ने शिवालय में किया जलाभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने शिव मंदिर में श्रद्धापूर्वक लाइन में खड़ी होकर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर ग्रामीणों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। वहीं, क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक एवं उत्साह के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया है।

रविवार को क्षेत्रीय विधायक अनुपमा रावत ने महाशिवरात्रि पर अपनी विधानसभा के दर्जनो गांव शिवगढ़, धारिवाला, फेरुपुर, जियापोता, धनपुरा, मिस्सरपुर आदि गांव में पहुंच कर शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में सुख शांति के लिए



प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने से भक्तो को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है महाशिवरात्रि के मौके पर मन्दिरों को फूलों से सजाया गया। बम बम भोले हर हर महादेव के जय जय कारो से गुजा रहा मंदिर के पुजारी ने बताया कि विधायक अनुपमा रावत ने भी लम्बी कतार में खड़े होकर शिवलिंग पर दूध व जलाभिषेक किया। इस महीने जो भी भक्त सच्चे मन और श्रद्धा के साथ शिव मंदिर जाकर माथा टेकता है। उसे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन भोलेनाथ के उपासक उनकी पूजा-अर्चना से मनोवांछित फलों की प्राप्ति करते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों छात्र लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र की रामधाम कॉलोनी से एक 17 वर्षीय छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है।पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामधाम कॉलोनी के रहने वाले पवन ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा दीपक बीते 13 फरवरी को घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। शाम हो जाने तक घर नहीं लौटा तो परिवार को चिंता हुई। स्कूल में पता करने पर जानकारी मिली कि दीपक उस दिन स्कूल पहुँचा ही नहीं था। परिजनों ने बीते दो दिनों में अपने सभी रिश्तेदारों और आस-पास के इलाकों में दीपक की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है जल्दी ही ढूंढ लिया जाएगा

## समारोहपूर्वक किया गुरू-जो-दर धम का शुभारंभ

# अध्यात्म और सेवा का प्रमुख केंद्र बनेगा गुरू-जो-दर धम : हरिचेतनानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरु-जो-दर फाउंडेशन द्वारा श्रवणनाथ नगर में स्थापित किए गए गुरू-जो-दर धाम का शुभारंभ महाशिवरात्रि के अवसर पर संत महापुरूषों के सानिध्य में समारोह पूर्वक किया गया। धाम में भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा भी स्थापित की गयी है। संत साईं भरतलाल मसंद के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार शिव शक्ति के तप, त्याग और दिव्य मिलन की भूमि है। प्रतिवर्ष देश दुनिया से गंगा स्नान और अन्य आध्यात्मिक कार्यो के लिए लाखों श्रद्धालु हरिद्वार आते हैं। संत साईं भरतलाल मसंद एवं साईं रमेशलाल के प्रयासों से स्थापित किया गया गुरू-जो-धर धाम अध्यात्म और सेवा का प्रमुख केंद्र बनेगा। संत साईं भरतलाल मसंद ने कहा कि सेवा और संस्कार गुरू-जो-दर फाउंडेशन की पहचान हैं। देश की आध्यात्मिक राजधानी हरिद्वार में गुरू-जो-दर धाम की स्थापना का उद्देश्य संत समाज और श्रद्धालुओं की सेवा और समाज में संस्कारों को बढ़ावा देना है। संत महापुरूषों के आशीर्वाद से इस उद्देश्य को पूरा किया जाएगा। संत प्रशांत लाल ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि और हरिद्वार संतों की नगरी है। हरिद्वार के संतों के श्रीमुख से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेशों से पूरे विश्व को मार्गदर्शन प्राप्त होता है। गुरू-जो-दर धाम संतों के साथ सहभागी बनकर धर्म और अध्यात्म के प्रचार प्रसार में योगदान करेगा। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि संतों के सानिध्य में किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है। गुरू-जो-दर धाम सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। राजेश नैथानी ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर गुरू भरतलाल मसंद, संत सुशील कुमार, संत प्रशांत लाल, कृपाण दास कुंदानी, ट्रस्टी मनहर लाल, किशोर बानी, राजेश नैथानी सहित कई संत महंत और ट्रस्टी मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# महाशिवरात्रि पर हर ओर 'हर हर महादेव' की हुई गूंज

- प्रातः काल से ही मंदिरों के बाहर दिखाई दी श्रद्धालुओं की भीड़
- जलाभिषेक कर बाबा से मांगी मनोकामनाएं पूर्ण करने की मन्नत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रें में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। प्रात: से ही सभी शिवालय भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हो उठे। हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों सहित भारी संख्या में शिव भक्तों ने शिवालयों में पहुंच शिव. लिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुई थीं। मंदिर की पौराणिक मान्यता है कि यहां सच्चे मन से जलाभिषेक करने पर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में, युवा भक्त हाथों में कलश लिए और वृद्धजन जपमाला के साथख्रहर वर्ग शिव आराधना में लीन था।

महाशिवरात्रि हमें केवल धार्मिक अनुष्ठान का संदेश नहीं देती, बल्कि आत्ममंथन और संयम की प्रेरणा भी देती है। शिव विनाश और सृजन दोनों के प्रतीक हैंख्रवे हमें अहंकार त्यागने, प्रकृति से जुड़ने और समाज में संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाते हैं।

नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह काला. ेनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श काला. ेनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगा. पुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके मंदिरों को फूलमालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विधायक शिव अरोरा ने पांच मंदिर रुद्रपुर में जलाअभिषेक कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि की कामना। विधायक ने इस दौरान कहा भगवान महादेव के पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर जहां पूरे देश के मंदिरो में भक्तो की आस्थारूपी भीड़ नजर आ रही है जो दर्शाता है कि भगवान महादेव पूरे संसार कि आत्मा है जिनकी कृपा से हम सांसारिक जीवन को व्यतीत कर समाज हित में सेवा कार्य कर रहे है। महादेव कि कृपा सभी पर बनी है ओर देवभूमि उत्तराखंड व रुद्रपुर क्षेत्र प्रगति पथ पर सदैव आगे बढ़े ऐसी ईश्वर से कामना है। सुरक्षा के लिए अनेक मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। वहीं पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## शिवरात्रि से गूंजे काली कुमाऊं की खड़ी होली के गीत, उमड़ा जनसैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** काली कुमाऊं की सांस्कृतिक पहचान बनी खड़ी होली का शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोहाघाट स्थित प्रसिद्ध ऋषेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भव्य रूप से हुआ।

मंदिर प्रांगण ढोल-मंजीरों की गूंज और लोकगीतों की स्वर लहरियों से जीवंत हो उठा। पाटन, चांदमारी और लोहाघाट क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक भेष-भूषा में सुसज्जित होकर खड़ी होली का सामूहिक गायन किया। पहाड़ी परिधानों में सजी महिलाओं ने न केवल होली गीत गाए, बल्कि स्वयं ढोल और मंजीरा बजाकर कार्यक्रम की अगुवाई भी की। ग्रामीण अंचल की यह जीवंत परंपरा आज भी उतनी ही सशक्त दिखाई दी। बैठकी होली के बाद खड़ी होली का रंग महा. शिवरात्रि से प्रारंभ होकर चैत्र माह तक चलने वाली खड़ी होली, बैठकी होली के पश्चात अपने पूरे रंग में आती है। फाल्गुनी उमंग, रंग-बिरंगे परिधान, झोड़ा-चांचरी की लय और पारंपरिक होली गीतों ने माहौल को भक्तिमय और उत्सवी बना दिया।काली कुमाऊं की खड़ी होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण है जहां महिलाएं परंपरा की ध्वजवाहक बनकर समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही है।

## दीवान सिंह लडवाल मेमोरियल स्टेडियम में गूंजा बालिका फुटबाल का जोश

### कुमाऊं प्रीमियर लीग 2026 से पहले डेमो मैच में चंपावत की बेटियों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** शहर के दीवान सिंह लडवाल मेमोरियल स्टेडियम ने रविवार को एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनते हुए पहली बार बालिका फुटबॉल मुकाबले की मेजबानी की। 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने जा रही कुमाऊं प्रीमियर लीग 2026 से पूर्व आयोजित डेमो मैच में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों की बालि. काओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं।

खेल सुविधाओं के अभाव के बावजूद फुटबॉल के प्रति उनके जुनून ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। ग्रामीण अंचलों से आई प्रतिभाओं ने यह संदेश दिया कि यदि उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन मिले तो वे राष्ट्रीय ही नहीं, अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकती हैं। डेमो मैच में चंपावत की टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम को 4-1 से पराजित कर जीत अपने नाम की। चंपावत की ओर से कंचन ने पहला गोल दागा, इसके बाद मनीषा ने दूसरा, हिमानी ने तीसरा और कीर्ति नाथ ने चौथा गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। जवाब में नवोदय विद्यालय की टीम ने भी जज्बा दिखाते हुए एक गोल कर मुकाबले को सम्मानजनक बनाया। दोनों टीमों ने खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। टॉस चंपावत टीम ने जीता। मुकाबले में निर्णायक की भूमिका कविता नेगी और शौर्य ने निभाई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने आयोजनकर्ता नरेंद्र लड़वाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को खेल, विशेषकर फुटबॉल के क्षेत्र में आगे लाना समय की आवश्यकता है। आयोजक नरेंद्र लड़वाल ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य मॉडल जिले में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देकर इसे एक हब के रूप में विकसित करना है, ताकि यहां की प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकें। डेमो मैच में ग्रामीण बालिकाओं के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों और आयोजकों की उम्मीदों को नई उड़ान दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में नरेंद्र लड़वाल ने अपनी जीवनसंगिनी सुनीता लड़वाल, पुत्र गौरव और पुत्रवधु गरिमा के साथ पूर्ण वैदिक विधि-विधान से अपने स्वर्गीय दादा दीवान सिंह लड़वाल को समर्पित स्टेडियम का लोकार्पण किया। कुल पुरोहित पंडित मुरलीधर गहतोड़ी ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई और यजमान को आशीर्वाद प्रदान किया। 17 एवं 18 फरवरी को इसी स्टेडियम में कुमाऊं प्रीमियर लीग 2026 के फुटबॉल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें कुमाऊं के सभी जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## जनता मिलन में उम्मीदें, फाइलों में बंद हकीकत ?

- डीएम के आदेशों पर अमल नहीं, पेयजल और पेंशन मामलों में कार्रवाई ठप होने से ग्रामीणों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एक ओर जहां "जनता मिलन कार्यक्रम" के माध्यम से आम लोगों को त्वरित राहत और मौके पर समाधान का भरोसा मिल रहा है, वहीं कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही जिलाधिकारी की मंशा पर पानी फेरती नजर आ रही है। शिकायतें सुनी जा रही हैं, आदेश दिए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर अमल न होने से फरियादी फिर उसी चौखट पर लौटने को मजबूर हैं। हाल ही में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में दिव्यांग दिनेश पाण्डेय और शिव. राज बिष्ट के लिए रेलिंग युक्त सीसी मार्ग निर्माण, रिवर्स पलायन कर चुके दीपक पाण्डेय की समस्या तथा बाजरीकोट निवासी नरानी देवी की वृद्धा पेंशन बहाली के संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। आरोप है कि ये निर्देश फाइलों से बाहर नहीं निकल पाए और पीड़ितों को अब तक राहत नहीं मिली।

इधर "हर घर नल योजना" में कथित भ्रष्टाचार, सांगों ग्राम पंचायत में पेयजल लाइन में वित्तीय अनियमितता तथा "स्वच्छ भारत मिशन" के तहत स्वीकृत सहायता राशि लाभार्थियों को न दिए जाने के मामले में समाचार प्रकाशित होने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नंदू पाण्डेय, सुरेश जोशी (पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य) तथा बांस-बंसवाड़ी क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिशासी अभियंता जल निगम से जूनियर इंजीनियर के साथ बैठक के लिए समय मांगा गया तो अधिकारियों ने समयाभाव का हवाला देकर जिम्मेदारी से दूरी बना ली। वहीं खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित ठेकेदारों द्वारा कुछ ग्रामीणों को मामूली धनराशि देकर मामले को दबाने की कोशिश किए जाने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हुई तो कई लोगों पर गाज गिरना तय है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब घिंघारुकोट की बोलनौल पेयजल लाइन में कथित सरकारी धन के गबन के मामले में शिकायतकर्ता द्वारा पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने के बावजूद प्रशासन ने शिकायतकर्ता को ही झूठा ठहरा दिया। इससे ग्रामीणों में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर अविश्वास की भावना गहराने लगी है। अधिकारियों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये से क्षुब्ध ग्रामीणों ने पुन: जनता मिलन कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी से सीधे मिलकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है। अब देखना यह है कि शिकायतों की इस श्रृंखला पर प्रशासन कब तक प्रभावी कदम उठाता है या फिर फरियादी यूं ही दर-दर भटकते रहेंगे।

## विराट हिंदू सम्मेलन 24 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** हिंदू जनजागरण समिति के तत्वावधान में 24 फरवरी 2026 की सुबह को दस बजे चीनी मिल मैदान, बाजपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की तैयारियों में कुसुम सैनी, दिव्या गोयल, उत्तम सैनी एवं हर्षित गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## शिवरात्रि पर शिवमय हुआ चंपावत-लोहाघाट

- मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत/लोहाघाट।** महाशिव. रात्रि के पावन अवसर पर पूरे जिले में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह तड़के से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। चंपावत के प्रसिद्ध बालेश्वर महादेव मंदिर, मानेश्वर मंदिर, लोहाघाट के प्रसिद्ध ऋषेश्वर महादेव मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर मंदिर और लधौनधुरा मंदिर सहित सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उपवास रखकर भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और शिव-शक्ति की आराधना में लीन रहे। "ऊं नमः शिवाय" के उद्घोष से वातावरण दिनभर गुंजायमान रहा।

लोहाघाट नगर में आयोजित शिव महोत्सव के तहत विश्व देव मंदिर से भगवान शिव-पार्वती की मनमोहक झांकियां निकाली गईं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। झांकियों के आगे पिथौरागढ़ का प्रसिद्ध सूर्य नृत्य दल अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन करता हुआ चल रहा था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि झांकियों के पीछे महिलाएं मंगल गीत गाते हुए आस्था की छटा बिखेर रही थीं। यह शोभायात्रा मीना बाजार, मैंने मार्केट, स्टेशन बाजार होते हुए महादेव मंदिर पहुंची, जहां पूरा नगर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। लोहाघाट के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्र और मंदिर परिसरों में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त किया गया था।

सुरक्षा व्यवस्था के चलते शोभायात्रा और जलाभिषेक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। मानेश्वर मंदिर में पीठाधीश्वर धर्मराज पुरी महाराज के दर्शन और आशीर्वाद के लिए भी श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ बाराही धाम देवीधुरा मे बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही थी। महाशिवरात्रि के इस पर्व ने एक बार फिर चंपावत और लोहाघाट को पूर्णत: शिवमय कर दिया, जहां आस्था, भक्ति और उत्सव का अनुपम संगम देखने को मिला।

## अवैध रूप से काटे गए 17 लट्ठे एसएसबी ने किए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट दीपक सिंह जायाड़ा के निर्देशन में समवाय मेलाघाट तथा वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा। वहीं मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर व्यक्तियों से वैद्य दस्तावेज दिखाने को कहा गया। किंतु व्यक्ति वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे। इसके बाद संयुक्त टीम द्वारा मौके की तलाशी के दौरान अवैध रूप से काटे गए पेड़ों के 17 लट्ठे बरामद किए गए। बरामद लकड़ी की कुल मात्रा लगभग 14.258 घन मीटर आंकी गई। वहीं बरामद लकड़ी को विधिवत जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण करते हुए वन क्षेत्र अधिकारी कार्यालय खटीमा को सुपुर्द कर दिया गया। आपको बता दें कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सतत निगरानी एवं संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत सशस्त्र सीमा बल को यह बड़ी सफलता हाथ लगी। इस संयुक्त अभियान में एसएसबी कंपनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक पुरुषटोमा भट्ट, आरक्षी योगेश कुमारी, संजय तथा भूपेंद्र कुमार सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्रभर के मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों में लगनी शुरू हो गईं। भक्तों ने शिव. लिंग पर जल, दुग्ध एवं बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के प्रसिद्ध संकट मोचन श्री बाला जी घाटा मंदिर, बांकेनगर स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के भी समुचित प्रबंध किए गए थे। पूरे दिन मंदिर परिसरों में आस्था का सैलाब उमड़ता रहा और भक्तों ने भगवान शिव से परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की।

## ललित शौर्य उत्तराखंड की संस्कृति के ब्रांड एम्बेसडर हैं: मुख्यमंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी का सफल संचालन राष्ट्रीय साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध उद्घोषक इंजी. ललित शौर्य ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ललित शौर्य उत्तराखंड की संस्कृति के ब्रांड अम्बेसडर हैं। वह देश के विभिन्न प्रान्तों में सांस्कृतिक महोत्सवों का संचालन कर रहे हैं।

वहीं सेवा संकल्प फाउंडेशन के द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिक महोत्सव देहरादून का संचालन भी इंजी. ललित शौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र पद्म भूषण भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डीजीपी उत्तराखंड दीपम सेठ, सेवा संकल्प फाउंडेशन की संस्थापक गीता धामी ने संयुक्त रूप से इंजी. ललित शौर्य को सम्मानित किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष गीता धामी ने शौर्य की वक्तृत्व कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि शौर्य हृदयस्पर्शी संचालन करते हैं। इनके सम्बोधन से युवाओं को प्रेरणा मिलती है।

विदित है कि ललित शौर्य साहित्यकार भी हैं जिनकी अब तक 18 से अधिक बाल साहित्य की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इन्हें दर्जनों राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित भी किया जा चुका है।

## एक नजर

### शाहजी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के छात्र हुए विदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शाहजी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बिछुड़ने की उदासी के साथ ही चेहरे पर मुस्कुराहट के भाव थे। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से हुई।




समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर साजिया सिद्दीकी व परवीन सिद्दीकी, काशिफ सिद्दीकी, आकिब सिद्धीकी एवं सैफ अली सिद्दीकी मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंध निदेशक मोहम्मद फैज अली सिद्दीकी व प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि डॉ सिद्दीकी ने शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए निरंतर इस दिशा में प्रयास जारी रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में फैजान को मिस्टर फेयरवेल, रहीमा को मिस फेयरवेल का किताब तथा आलामीन को बेस्ट स्टूडेंट का सम्मान दिया गया। अंत में सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए।

### सरस्वती शिशु मंदिर दुध पोखरा में गूंजा सुंदरकांड पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** सरस्वती शिशु मंदिर दुध पोखरा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ, हनुमान चाली. सा व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति भाव से सुंदरकांड का पाठ किया।



इस पावन अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों का विधिवत स्वागत भी किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी, व्यवस्थापक रमेश गिरी, कोषाध्यक्ष मोहन चंद्र जोशी एवं लक्ष्मी दत्त पुनेठा की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### पंजाबी महासभा ने किया शिव बारात का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को शिव बारात का भव्य स्वागत किया। टनकपुर रोड बालाजी इलेक्ट्रॉनिक्स पर शिव भोले के जयकारों व सूक्ष्म जलपान तथा चाय के साथ स्वागत किया गया। शिव बारात में शामिल उत्तरांचल पंजाबी महासभा के सभी कार्यकर्ता शिव भोले के जयकारे लगाए। इस मौके पर अमित मेहरोत्रा, संगठन के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, अनिल बत्रा, हरीश बत्रा, सुनील बत्रा, जितिन ग्रोवर, राजकुमार गुंबर, संतोष मेहरोत्रा, सुनील ग्रोवर, अरविंद गोयल ध्रुव बत्रा, नरेश मोटवानी तथा राजीव मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।



### सीएम से मिले शासकीय अधिवक्ता, वेतन वृद्धि की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खटीमा में रविवार को शासकीय अधिवक्ताओं के एक प्रति. निधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अपने शासकीय अधिवक्ताओं के वेतन में वृद्धि संबंधी अधिसूचना जारी की जा चुकी है। ऐसे में राज्य के शासकीय अधिवक्ताओं को भी समान लाभ दिया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार का नोटिफिकेशन दिखाते हुए राज्य में भी वेतन संशोधन लागू करने का अनुरोध किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अनिल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मोहन सिंह चौहान समेत कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### एसबीएस रुद्रपुर ने जीती सेपक टाकरा पुरुष प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा पुरुष प्रतियोगिता में एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानी उपविजेता रहा। रविवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिवालिक हॉल में प्रतियोगिता का शुभारंभ कुविवि के पूर्व क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा एवं यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर के प्राचार्य डॉ. कुंदन राठौर ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर, एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी और डीएसबी परिसर नैनीताल की टीमों ने प्रतिभाग किया। रेगु इवेंट में एसबीएस रुद्रपुर प्रथम और एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी द्वितीय रहा।

डबल्स इवेंट में डीएसबी परिसर नैनीताल ने प्रथम और एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर कुविवि के क्रीड़ाधिकारी डॉ. संतोष कुमार और डॉ. नागेंद्र शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. संतोष ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर कुविवि की सेपक टाकरा टीम का चयन किया गया है, जो अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए असम जाएगी। निर्णायक मंडल में सावन मेहरोत्रा, प्रगति दुमका और श्वेता भाकुनी शामिल रहे। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. उमेश जोशी, अनीता बोरा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### दिनेशपुर के रामबाग शिवालय में हुआ जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** आदिवासी बुक्सा समुदाय की आस्था के केंद्र रामबाग के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम रविवार दिन भर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में विशाल भंडारा लगा। नगर के वार्ड दो, पांच, तीन, सात और नौ स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद बांटा। कांवड़ियों ने गांव, मोहल्ले में भंडारे का आयोजन कर कांवड़ पूजा का समापन किया। वहीं गदरपुर मटकोटा मार्ग रामबाग क्षेत्र में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भंडारा लगाया। वहीं दिनेश. पुर वार्ड पाच स्थित कालीमंदिर के गर्भगृह में स्थित शिवलिंग में गंगोत्री तथा हरिद्धार से लाए गंगाजल दर्जनों भोले ने जलाभिषेक किया। यहां बलविंदर साहू, साधन मृधा, नित्यानंद मंडल, राकेश सिंह, बाबू सिंह तोमर, सोमल सिंह, विभूति सरकार, किशोर मल्लिक, रामचंद्र सिंह, विकास राय, विकास सरकार, कर्म सिंह, हरि सिंह, बिशन सिंह, अनूप सिंह, अमित नारंग, नमन कोरंगा, सुभाष व्यापारी, तेज सिंह, परितोष गाइन, मालती गाइन, अन्ना सिकदार, भवतोष, सावित्री मल्लिक, शिखा ढाली, प्रभा राय, राधा विश्वास, सुनीता, चंपा मल्लिक आदि रहे।

# तीन बैट्री चोर, एक कबाड़ी गिरफ्तार

## बहेड़ी के एक ही गांव के रहने वाले हत्थे चढ़े, खनन वाहनों से चुराई थीं आधा दर्जन बैट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अग्निवीर में फेल होने के बाद यूपी के एक युवक ने अपनी गैंग बना दी और यूपी से वारदात को अंजाम देने के लिए गैंग हल्द्वानी आ पहुंचा, और एक के बाद एक दर्जनभर से ज्यादा डंपरों की बैटरी निकालकर फरार हो गए। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद इस फेल अग्निवीर का गैंग को पकड़ लिया। पुलिस ने गैंग के तीन सदस्यों के साथ एक कबाड़ी को सलाखों के पीछे भेज दिया। बता दें कि गौला नदी से रेत और आरवीएम ढोने वाले डंपर रात में ही वन निगम के गेट के बाहर नंबर लगाकर खड़े हो जाते हैं। इन्हीं डंपरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। उत्तर प्रदेश जिले के बहेड़ी बरेली से आए गैंग ने रात की आड़ लेकर एक-एक छह डंपरों की बैट्री खोल ली। उन्हें स्विफ्ट डिजायर कार में



लादा और फरार हो गए। अगली सुबह ड्राइवरों ने सेल्फ मारते रहे और जब डंपर स्टार्ट नहीं हुआ तो पता लगा बैट्री गायब चोरी हो चुकी है। एक के बाद लगभग 19 वाहनों से बैट्री चोरी की बात सामने आई हड़कंप मच गया। पुलिस ने लाइन नंबर 13 आजादनगर बनभूलपुरा निवासी जुहैब आलम पुत्र शमशाद हुसैन की तहरीर की पर 12 फरवरी को मुक. दमा दर्ज किया और तलाश शुरू की। रविवार को सीओ अमित कुमर ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन में चोर गैंग का खुलासा करते हुए बताया कि मामले की जांच एसआई मनोज यादव के हाथ थी। 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज और अन्य संसाधनों की बदौलत पुलिस को चोरों की लोकेशन मिल गई। बीते शनिवार को पुलिस ने बैट्री चोर तीन चोर विनोद कुमार पुत्र अमर सिंह, रंजीत सिंह पुत्र ख्याली राम और रंजीत सिंह पुत्र राम भरोसे को कबाड़ी जलील अहमद पुत्र अली शेर को गौला बाईपास रोड से धर दबोचा। तीन चोर ग्राम पिण्डारी अशोक, थाना बहेड़ी, जिला बरेली रहने वाले है। इसके साथ ही चोरी की बैटरी खरीदने वाले कबाड़ी जलील अहमद पुत्र अली शेर निवासी अब्बास नगर थाना बहेड़ी को भी गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की गई 6 बैटरियों के साथ चोरी में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त किया है। कोतवाल बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि आरोपी विनोद कुमार ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा पास की थी। वर्ष 2023 में वेरीफिकेशन के लिए सेना ने बहेड़ी थाने से विनोद का सत्यापन करने को कहा तो पता लगा कि उस पर चोरी का मुकदमा है। वो भर्ती नहीं हो सका और फिर गांव के अन्य दो दोस्तों के एक गैंग बनाने में जुट गया। तीनों पर चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। टीम में एसएसआई गगनदीप सिंह, एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल महबूब अली, सुनील कुमार और मो. यासीन शामिल थे।

# हर-हर महादेव की भक्ति के रंग में रंगा शहर

## महाशिवरात्रि पर्व पर गुंजायमान रहे शिवालाएं, भक्तों का लगा रहा तांता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महाशिवरात्रि के मौके पर पूरा शहर रविवार को भगवान भोले की भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। शिवालयों में सुबह से ही हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। देवभूमि उत्तराखंड में भी भक्त बाबा की भक्ति में पूरी तरह से डूबे हुए है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। रविवार सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ जुटना शुरू गयी थी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक शिवालयों में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने महादेव के जयनाद के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र के साथ दूध, शहद, हल्दी आदि पवित्र सामग्रियां अर्पित कर जलाभिषेक किया। शिवरात्रि को लेकर मंदिरों को सजाया गया था। ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवालयों में घंटे-घड़ियाल बजने लगे थे। कालूसिद्ध, पिपलेश्वर, पंचेश्वर, नंदेश्वर, बृज बिहार, बेलबाबा, सत्यनारायण मंदिर, शीतलाहाट, लटूरिया बाबा, समता आश्रम गायत्री मंत्री, शीश. महल शिव मंदिर, लामाचौड़ स्थित चारधाम मंदिर, गौलापार स्थित कालीचौड़ मंदिर, हनुमान गढ़ी काठगोदाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, बेर, धतूरा और पुष्प चढ़ाकर सुख-शांति की कामना की। शिवभक्तों ने मंदिरों में शिव भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री सत्यनारायण मंदिर व समता आश्रम स्थित गायत्री मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और जलाभिषेक





किया। पटेल चौक स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। इसके अलावा मुखानी चौराहा स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ जुटी रही। सुबह से ही लोग शिर्वाचन के लिए मंदिर पहुंचने लगे थे। बेलबाबा मंदिर में महिलाओं ने शिव भजन गाकर अपनी आस्था का इज़हार किया, और श्रद्धालु पूरे दिन महादेव के दिव्य आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते रहे। शहरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में स्थानीय कीर्तन मंडलियों द्वारा शिव भजन प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं महा. शिवरात्रि के पावन मौके पर शिव भक्तों द्वारा जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शिव भक्तों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी खासा मुस्तैद रहा।

### टुकटुक वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार टुकटुक चालक ने सड़क पार कर रहे महिला दरोगा के पति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना में महिला दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने टुकटुक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार चंद्रावती कालोनी पीलीकोठी निवासी मीना पांडे हल्द्वानी में एलआईयू में दरोगा के पद पर तैनात हैं। मीना के अनुसार बीते 13 फरवरी शुक्रवार की शाम उनके पति नरेश चंद्र तिवारी कालाढूंगी रोड स्थित पशु चिकित्सालय के सामने सड़क पार कर रहे थे। तभी मुखानी की ओर से बेहद तेजी से आए टुकटुक ने नरेश को अपनी चपेट में ले लिया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं इस मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला चालक नजर आ रही है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर टुकटुक संख्या यूके04ईआर-4194 के चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### दो सट्टेबाज गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र से दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से सट्टे की पर्चियां व 2910 रूपये की नगदी बरामद की है। पकड़े गए दोनो सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। शनिवार की रात्रि बनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने शोहेल अख्तर पुत्र मोहम्मद जलीस अहमद निवासी वार्ड नंबर-17 बनभूलपुरा को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया। जिसके पास से 1670 रुपये व सट्टे की पर्चियां बरामद की। वहीं दूसरी ओर टीम ने अखलाक हुसैन पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी आजादनगर लाल मस्जिद बनभूलपुरा को 1240 रुपये की नगदी, पर्ची समेत दबोचा।

# छोटा कैलाश पहुंचे लाखों भक्त

## अटूटा आस्था का केन्द्र रहा है छोटा कैलाश

**दीपक भंडारी, शाह टाइम्स**

**हल्द्वानी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को देवभूमि उत्तराखंड में हर दिशा से भोलेनाथ के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिन भगवान शिव की भक्ति में रंगी इस धरती पर हर जगह हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे थे। देवभूमि उत्तराखंड में इसकी आस्था और श्रद्धा का एक अलग ही रूप देखने को मिला। इस दिन शिव भक्तों ने विशेष धार्मिक अनुष्ठान और व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा की। खासकर हल्द्वानी के पास स्थित प्रसिद्ध शिव धाम छोटा कैलाश में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम देखने को मिला। छोटा कैलाश धाम जो नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के पिनोरी गांव की एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। जहां भगवान शिव ने अपनी दिव्य धूनी रमाई थी, और तब से यहां अनवरत धूनी प्रज्जवति है। माना जाता है कि तब भगवान शिव, अर्धागिनी पार्वती के साथ भ्रमण पर निकले थे और इस पर्वत पर रुके थे। यहां के इतिहास और मान्यताओं को जानने के लिए भक्तों का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है। नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के पिनरों गांव की ऊंची पर्वत चोटी पर स्थित छोटा कैलाश शिवालय में पांडवों ने भी एक रात गुजारी थी और भगवान शिव की आराधना की थी। दुर्गम और खड़ी चढ़ाई के बाद इस पवित्र स्थल तक पहुंचा जा सकता है। छोटा कैलाश पहुंचने के लिए हल्द्वानी से सड़क मार्ग पर अमृतपुर, भौर्सा होते हुए पिनरों गांव तक पहुंचना होता है। पिनरों गांव तक आप अपने वाहन से जा सकते हैं, लेकिन इसके आगे 3



से 4 किलोमीटर प्राकृतिक खड़ी चढ़ाई है। चढ़ाई चढ़ने के बाद पर्वत की चोटी पर भगवान शिव का पुरातन मंदिर है। यहां की एक प्रमुख विशेषता है भगवान शिव द्वारा यहां रमाई गई अखंड धूनी, जो सदैव जलती रहती है। माना जाता है कि इस धूनी के दर्शन से श्रद्धालुओं की मनो. कामनाएं पूरी होती हैं। महाशिवरात्रि के दिन यहां विशाल मेला लगता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु रातभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और अनुष्ठान करते हैं। इस दिन कुछ भक्त अपनी आस्था को साबित करने के लिए हाथ बंधवाकर धूनी के सामने खड़े होते हैं और मन्नत मांगते हैं। यदि उनका हाथ खुद खुल जाता है, तो वे धूनी के पास से हट जाते हैं। मान्यता है कि सतयुग में भगवान महादेव यहां एक बार आये थे। अपने हिमालय भ्रमण के दौरान भगवान शिव तथा पार्वती ने इस पहाड़ी पर विश्राम किया था। महादेव के यहां पर धूनी रमाने के कारण ही तभी से यहां अखण्ड धूनी जलायी जा रही है। बताया जाता है कि भगवान भोले ने यहां वास किया तो उन्होंने दिव्य शक्ति से यहां पर एक कुंड का भी निर्माण किया और इस कुंड को पार्वती कुंड कहा जाता है। इस कुंड में हमेशा पवित्र जल रहता था, लेकिन कहानी है कि किसी ने इस कुंड का अपवित्र कर दिया और कुंड सूख गया। इस कुंड तक तीन जलधाराएं पहुंचती थी, जो पहाड़ के तीन छोरों से आती थीं। हालांकि अब प्रशासन ने इस पवित्र कुंड को पुन: पुर्नजीवित करने का प्रयास किया है और यहां अब एक पक्का कुंड नजर आता है। छोटा कैलाश के बारे में एक मान्यता यह भी है कि त्रेता युग में भगवान शिव ने राम-रावण के युद्ध को इसी पहाड़ से देखा था। यह पर्वत आस-पास स्थित सभी पहाड़ों में सबसे ऊंचा है, और इसलिए इसे एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल माना जाता है। इसके साथ ही द्वापर युग में वनवास के दौरान पांडवों ने इस पर्वत चोटी पर एक रात गुजारी थी। इन्ही किवदंतियों के कारण लोगों की शिव के इस धाम के प्रति अपार आस्था है। यहां आने वाले श्रद्धालु विश्वास करते हैं कि भगवान शिव की पूजा करने से उनकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। मान्यता है कि यहां पहुंचकर शिव. लिंग की पूजा करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

### आयुक्त दीपक रावत ने भी किया जलाभिषेक

**हल्द्वानी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत छोटा कैलाश स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का



विधि-विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया, और कुमाऊं मंडल सहित समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर आयुक्त श्री रावत ने कहा कि भगवान शिव आस्था, तपस्या और लोककल्याण के प्रतीक हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटा कैलाश एक अद्भुत एवं अलौकिक तीर्थ स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### ट्रेन से यात्री का बैग चोरी

**हल्द्वानी।** दिल्ली से हल्द्वानी आ रहे एक यात्री का ट्रेन में बैग चोरी हो गया। पीड़ित यात्री की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर मेरठ निवासी असीम गिरीश सक्सेना ने जीआरपी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 13 फरवरी को वह रानीखेत एक्सप्रेस से दिल्ली से काठगोदाम यात्रा कर रहे थे, तभी वह सो गए और जब काठगोदाम में उनकी आंख खुली तो ट्रॉली बैग गायब था। ट्रॉली बैग में उसकी कीमती वस्तुएं थीं। आरपीएफ ने कैमरे खंगाले तो एक व्यक्ति ट्रॉली बैग ले जाता दिखा। जीआरपी थानाध्यक्ष कमल कोरंगा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी।

# सब-जूनियर हॉकी टीम चयन 1 मार्च को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड की सब-जूनियर हॉकी टीमों के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 1 मार्च को किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया 16वीं सब-जूनियर महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली राज्य टीमों के गठन के लिए होगी। यह जानकारी हॉकी उत्तराखण्ड के सचिव नरेन्द्र सिंह बाफिला ने दी। उन्होंने कहा कि 16वीं सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 12 अप्रैल तक राँची में किया जाएगा, जबकि 16वीं सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता 1 से 12 अप्रैल तक राजगीर में आयोजित होगी। दोनों प्रतियोगिताओं में उत्तराखण्ड की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा 1 जनवरी 2010 निर्धारित की गई है। टीम चयन के लिए ट्रायल 1 मार्च को मानसखण्ड खेल परिसर गोलापार स्थित एस्ट्रो टर्फ मैदान में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। हॉकी इंडिया के नियमों के अनुसार ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण हॉकी इंडिया में होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को अपने साथ हाईस्कूल की अंकतालिका अथवा प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

# सनातन धर्म में सर्व मंगल का भाव: सतपाल महाराज

## बिन्दुखत्ता के हंस प्रेम योग आश्रम में विराट सद्भावना सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** सनातन धर्म का मूल तत्व मानव धर्म है, जिसमें सर्व मंगल का भाव समाया हुआ है। यह संदेश अब जन-जन तक पहुँचाने के लिए सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

यह विचार श्री हंस प्रेम योग आश्रम संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता में आयोजित विराट सद्भावना सम्मेलन में सदगुरुदेव सतपाल महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज की नितांत आवश्यकता है कि हम इस मानव धर्म को आत्मसात करें ताकि हमारे देश के महान ऋषियों और मुनियों द्वारा दिया गया विश्व बंधुत्व और शांति का संदेश पुन: पल्लवित और पोषित हो सके। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व न केवल भारत में, बल्कि विश्व के अनेक देशों में उल्लास के



साथ मनाया जाता है। यह पर्व समाज में समरस. ता, सौहार्द और सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में अध्यात्म और भौतिक विकास का समन्वय आवश्यक है।

इस अवसर पर अमृता माता ने भी शिव और शक्ति के महत्व को समझाते हुए सभी को सनमार्गी बनने का आह्वान किया। महात्मा सत्यबोधानंद और हरी संतोषानंद ने भी अपने विचार व्यक्त किए, और बताया कि सद्भावना सम्मेलन का आज के समय में कितना महत्वपूर्ण योगदान है। सम्मेलन में उमड़े सैलाब ने पूरी एकाग्रता से सदगुरुदेव के विचारों को सुना, और पूरा माहौल पिन ड्रॉप साइलेंस में तब्दील हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में ब्रह्म बेला के समय हजारों श्रद्धालुओं ने आश्रम स्थित बिंद. ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर शिवार्चन, रुद्राभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से शिव और शक्ति की आराधना की और पुण्य अर्जित किया। सम्मेलन में सुयश महाराज, विधायक डा. मोहन बिष्ट, पूर्व मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, संतोष दुबे, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

# आनंदी धर्मशाला में महाशिवरात्रि पर सामूहिक शिवार्चन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अरुणोदय संस्था एवं अरुणोदय न्यास के तत्वावधान में अरुणोदय आनंदी देवी रावत धर्मशाला में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक शिवार्चन पूजन कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें संस्था के सदस्यों के साथ ही स्थानीय लोगों ने पूरे भक्तिभाव से भाग लिया। आचार्य पंडित रमेश चंद्र पाण्डे ने बड़े ही संगीतमय प्रस्तुति के साथ शिव पूजन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान लतेश मोहन एवं उनकी पत्नी वंदना के साथ राजकुमार केसरवानी एवं रेनू केसरवानी, कैलाश तिवारी एवं



सुषमा तिवारी, मनोज पाण्डे एवं दिव्या पाण्डे बतौर यजमान शिवार्चन में शामिल हुए। शिव पूजन कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष जीवन चंद्र जोशी, महामंत्री बिपिन चंद्र पाण्डे, संस्थापक सदस्य जीडी सती, एमबी जोशी, देवेन्द्र खाती, डा. दीपा काण्डपाल, डा. लता काण्डपाल, पूरन सिंह जीना, रोहित केसरवानी, सचिव नीलम काण्डपाल, कमला जोशी, नारायण दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

# आईजी ने की 'थाल सेवा'

## लिटिल मिरेकल फाउंडेशन की समाजसेवा को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लिटिल मिरेकल फाउंडेशन थाल सेवा की 30 लाख थाली जरूरतमंदों को बांटने का माइल स्टोन पार कर लिया। इस अवसर पर आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने थाल सेवा में आकर भोजन वितरण का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों को 5 रुपए में भोजन कराना आज के समय में कठिन सेवा कार्य है, लेकिन जन सहयोग से ये सेवा कार्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। टीम थाल सेवा अक्टूबर 2018 से बिना रुके सोशल मीडिया से क्राउड फंडिंग के जरिए सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास चल रही है और अस्पताल में आने वाले तीमारदारों को केवल 5 रुपए में भोजन उपलब्ध करवाती है। संस्था के




सदस्यों में राजीव वाही, राजीव बग्गा व रक्षित वर्मा ने आईजी रिद्धिम अग्रवाल का आभार प्रकट करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया और उन्हें वस्त्र सेवा, उपचार सेवा और अन्य सेवाओं की जानकारी दी। सदस्य प्रवीण मित्तल ने भोजन निर्माण और संजय बग्गा ने भोजन वितरण संबंधी जानकारी दी। थाल सेवा के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया कि समाज से लोग जन्मदिन, विवाह दिवस और अन्य स्मरणीय दिवसों के जरिए थाल सेवक के रूप में हमसे जुड़कर अपना सहयोग देते है। इस अवसर पर रीना मानसेरा, कनिका वासुदेवा, स्वाति कपूर, पूजा बग्गा, उमंग वासुदेवा, अतुल वर्मा, प्रो. केके पांडे, सरयू प्रसाद, दिनेश आर्य, महेंद्र जड़ोत, नीरज जोशी आदि मौजूद रहे।

### पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) आधारित पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय के शोध एवं नवाचार निदेशालय के निदेशक प्रो. गिरिजा पाण्डेय ने बताया कि 17 फरवरी से मार्च माह के दूसरे सप्ताह तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। काउंसलिंग की तिथियाँ विषय विशेषज्ञों की उपलब्धता अनुसार निर्धारित की जाएंगी। एनईटी स्कोरधारी (नेट विद जेआरएफ, नेट विद एलएस, नेट फॉर पीएचडी एडमिशन) मास्टर डिग्री वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। यह प्रक्रिया यूजीसी के नवीन दिशानिर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

# झांकियों ने सभी का मन मोह लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोरापड़ाव।** सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार व समाज मे अध्यात्म जाग्रत करने के लिए गोरापड़ाव स्थित सोनिका गार्डन में महा शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर महा शिवरात्रि उत्सव समिति द्वारा विराट महाशिवरात्रि उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया।

इस दौरान उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों ने अपने गीत व संगीत के माध्यम से कार्यक्रम में अध्यात्म की छटा बिखेरी। यहां भव्य आकर्षक झांकियों से व कुंती नृत्य कला केंद्र व यश डांस सेंटर के बच्चों ने अपनी दमदार प्रस्तुति से सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम के आयोजक शिव भक्त सूफी सिंगर छोटा कैलाश खैर के नाम से प्रसिद्ध पंकज नेगी के संयोजन में आयोजित महा शिवरात्रि उत्सव में सिंगर पंकज नेगी, महिपाल मेहता, प्रभाकर जोशी,



नेहा कोरंगा, पारस कांडपाल, ललित जोशी, दिव्यांशी गुसाई व दीपू मेहरा ने भक्तिभाव से पूर्ण भजनों के माध्यम से कार्यक्रम को अद्भुत बनाया। यहां शिव पार्वती विवाह, शिव तांडव, माँ काली, महाकाल अघोरी की आकर्षक व मनमोहक झांकियों से ललित सवारियां ग्रुप के कलाकारों ने शमां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट व पंकज गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर डा. मोहन सिंह बिष्ट, भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस हरेन्द्र बोरा, राहुल नेगी, खीम सिंह नेगी, चंदन सिंह नेगी, राजीव भट्ट, बब्बू नेगी, वीरेंद्र मेहरा, ग्राम प्रधान ममता मनोज तिवाड़ी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अमित नेगी, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख, तारा सिंह नेगी, अनिल पांडे, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख श्रीकांत पांडे, समाजसेवी रमेश चन्द्र जोशी सहित तमाम लोग उपस्तिथ थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ु चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## खेल समाचार

### लोकेश सत्यनाथन ने 8 मीटर इनडोर लॉन्ग जंप का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कासिस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8-01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7-97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है।यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिच ने 8-29मी की छलांग के साथ जीता, जबकि जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8-13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट लुवो मन्योंगा 8-11मी के साथ छठे स्थान पर रहे।सत्यनाथन ने कॉम्पिटिशन के दौरान लगातार 7-69मी, फाउल, 7-94मी, 7-99मी, 8-01मी और 7-96मी की जंप लगाई। उनकी रिकॉर्ड तोड़ने वाली कोशिश उनके करियर की दूसरी सबसे अच्छी जंप भी थी, जो 2023 में कैलिफोर्निया में एक आउटडोर मीट में हासिल की गई उनकी पर्सनल बेस्ट 8-02मी से पीछे है।टायसन इनविटेशनल, जो वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर कैलेंडर का हिस्सा है, में कई टॉप इंटरनेशनल एथलीट शामिल थे। इस सीजन की शुरुआत में, सत्यनाथन टेक्सास में 7-80मी की कोशिश के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और ओक्लाहोमा में 7-83मी की जंप के साथ एक मीट जीती थी, जिससे इनडोर कैंपेन में उनके अच्छे फॉर्म का पता चलता है।

# सुपर आठ में जगह बनाने के लिए उतरेगा श्रीलंका

## टी-20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया बाहर होने की कगार पर, दोनों टीमें आज भिड़ेंगी हाईटेक मुकाबले में

**ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है, जीतो या बाहर होने का रिस्क लो, जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार**




**पल्लेकेले।** ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर है, जबकि श्रीलंका को सुपर 8 में जगह बनाने का मौका दिख रहा है, जब दोनों टीमें सोमवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप बी के हाई-स्टेक मुकाबले में भिड़ेंगी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है - जीतो या जल्दी बाहर होने का रिस्क लो। जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार ने ट्रैविस हेड की टीम के लिए गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है। एक टीम जो टूर्नामेंट में फेवरेट के तौर पर उतरी थी, अचानक खुद को बचाने के लिए जूझते हुए पाती है, उसकी धमाकेदार बैटिंग लाइन. अप जांच के दायरे में है और उसकी बॉलिंग यूनिट बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश में है।

हेड, जिन्होंने अभी तक इस कॉम्पिटिशन में कोई खास पारी नहीं खेली है, उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। टॉप पर जोश इंगलिस और बीच में ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड और कैमरन ग्रीन की फायरपावर के साथ, ऑस्ट्रेलिया के पास गेम को तेजी से पलटने की ताकत है। लेकिन पिछले मैच में चेज को कंट्रोल न कर पाने की उनकी नाकामी ने प्रेशर में उनके टेम्परमेंट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके उलट, श्रीलंका मोमेंटम और क्लैरिटी के साथ आई है। लगातार दो बड़ी जीतों ने दासुन शनाका की टीम को ग्रुप में टॉप पर पहुंचा दिया है। एक और जीत सुपर 8 में उनकी जगह पक्की कर देगी, ऐसा कुछ ही लोगों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सोचा था। अपने घर पर खेलते हुए, उन्होंने डिसिप्लिन और स्टाइल को मिलाया है - उनका टॉप ऑर्डर मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है और उनके बॉलर जरूरी मौकों पर स्ट्राइक कर रहे हैं। कुसल मेंडिस ने बैटिंग को अथॉरिटी के साथ संभाला है, जबकि पथुम निसंका की टॉप पर कंसिस्टेंसी स्टेबिलिटी देती है। बॉलिंग डिपार्टमेंट में, बीच के ओवरों में महेश थीक्षाना का कंट्रोल उस सरफेस पर डिफेंसिव साबित हो सकता है जिससे स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है।

यह जगह एक और इंटरेस्टिंग लेयर जोड़ती है। पल्लेकेले का फ्लैट ट्रैक और तेज आउटफील्ड रन बनाने का वादा करता है, फिर भी बड़ी बाउंड्री और स्पिनरों के लिए पोटेंशियल ग्रिप के लिए टैक्टिकल प्रिसिजन की जरूरत होती है। चेज करने वाली टीमों को यहां हाल ही में सफलता मिली है, टॉस स्ट्रैटेजी पर असर डाल सकता है, लेकिन प्रेशर में एग्जक्यूशन ही आखिर में रिजल्ट तय करेगा। पहले से, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में हावी रहा है, पिछले 14 मुकाबलों में से 12 में जीत हासिल की है। फिर भी उस दौर में दोनों हार श्रीलंका की जमीन पर मिलीं - यह याद दिलाता है कि घरेलू फायदा सबसे खराब रिकॉर्ड को भी बदल सकता है।

जैसे-जैसे ग्रुप स्टेज कड़ा होता जा रहा है, दांव शायद ही इससे ज्यादा हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए, यह वापसी और बचे रहने के बारे में है। श्रीलंका के लिए, यह मोमेंटम हासिल करने और अधिकार के साथ अगले राउंड में आगे बढ़ने के बारे में है। पल्लेकेले में रोशनी में, एक टीम अपने वर्ल्ड कप के लक्ष्यों के करीब पहुंचेगी - दूसरी को अचानक बाहर होने का सामना करना पड़ सकता है।

# नेपाल को रौंदा, इंडीज ने लगाई जीत की हैट्रिक

**मुम्बई।** जेसन होल्डर (चार विकेट) के बाद कप्तान शाई होप (नाबाद 61) और शिमरॉन हेटमायर (नाबाद 46) की बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में नेपाल को 28 गेंदें शेष रहते नौ विकेट विकेट से शिकस्त दी और अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर आठ के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किग और शाई होप की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। छठे ओवर में नंदन यादव ने ब्रैंडन किग को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शिमरॉन हेटमायर ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए अविजित 91 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को 15-2 ओवर में नौ विकेट से जीत दिला दी। शाई होप ने 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 61 रनों की पारी खेली। वहीं शिमरॉन हेटमायर ने 32 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाए।आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 133 रन का स्कोर बनाया।

# यूएई को चाहिए मजबूती, अफगानिस्तान को पहली जीत



**नई दिल्ली।** वैश्विक टूर्नामेंट के दो मुकाबलों में लगातार मिली हार के बाद अफगानिस्तान टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश में उतरेगा। वहीं कनाडा पर जीत से उत्साहित संयुक्त अरब अमीरात द्धयूएईऋ यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।

सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में अफगानिस्तान और यूएई ग्रुप डी में ऐसे समय भिड़ने जा रहे हैं, जब हर नतीजा अधिक महत्वपूर्ण है। अफगानिस्तान जहां अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में है। न्यूजीलैंड से हारने के बाद और फिर दो सुपर ओवर के बाद तय हुए मैच में दक्षिण अफ्रीका से बुरी तरह हारने के बाद, जिससे वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस बीच, यूएई ने न्यूजीलैंड से मिली भारी हार से उबरते हुए एक करीबी मुकाबले में कनाडा को हराया, जिससे इस मैच से पहले उन्हें सही समय पर हौसला मिला है।टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का अभियान निराशा और उम्मीद के बीच झूल रहा है। वे अपने शुरुआती गेम में न्यूजीलैंड के कंट्रोल का मुकाबला नहीं कर पाए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अपनी लड़ने की काबिलियत दिखाई, मुकाबले को और आगे बढ़ाया, लेकिन वह मुकाबला नाटकीय अंदाज में हार गए।

अब उसके सामने चुनौती मुकाबले का नतीजों में बदलने की है, जिसमें अहम मौकों पर बेहतर प्रदर्शन से यह तय होगा कि वे अपनी क्वालिफिकेशन की उम्मीदों को जिदा रख सकते हैं या नहीं। वहीं इसके उलट, यूएई पहले ही टूर्नामेंट में क्रिकेट के दोनों मुश्किल हालात का अनुभव कर चुका है।

न्यूजीलैंड के हाथों 10 विकेट से हारने के बाद, उन्होंने कनाडा के खिलाफ एक करीबी जीत हासिल करने के लिए अच्छी तरह से वापसी की, जिसमें उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से ज्यादा संयम दिखाया। इस नतीजे से उन्हें ग्रुप में जगह मिली है और वे इस मुकाबले को अपनी जगह मजबूत करने के एक और अवसर के तौर पर देखेंगे।

अफगानिस्तान संभावित एकादश:- रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपरऋ, इब्राहिम जदरान, गुलबदीन नैब, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और फजलहक फारूकी।

यूएई संभावित एकादश:- आर्यांश शर्मा (विकेट कीपर), मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहेब खान, हर्षित कौशिक, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह।

# भारतीय महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया



**सिडनी।** अरुंधति रेड्डी (चार विकेट), रेणुका सिंह और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को टी-20 सीरीज के वर्षा प्रभावित पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रनों से हराया। अरुंधति रेड्डी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिय 33 रन जोड़े। पांचवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 22 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमा रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। इसी दौरान छठे ओवर में बारिश शुरु हो गई और उस समय भारत ने एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। स्मृति मंधाना द्धनाबाद 16ऋ और जेमिमा रॉड्रिग्स द्धनाबाद नौऋ क्रीज पर मौजूद थी। इसके बाद बारिश के कारण पुन: खेल नहीं शुरु हो पाया और भारतीय महिला टीम को डीएलएस पद्धति से 21 रनों विजई घोषित किया गया।इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने शुरुआती झटके दिए। बेथ मूनी द्धपांचऋ को रेणुका और जॉर्जिया वॉल द्ध18ऋ को क्रांति गौड ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद फीबी लिचफील्ड और एलिस पेरी की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने एलिस पेरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। पेरी ने 11 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 20 रन बनाए। अगले ओवर में दीप्ति शर्मा ने एश्ले गार्डनर (चार) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर की पहली गेंद पर अरुंधति ने फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 19 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 26 रन बनाए। 14वें ओवर में अरुंधति ने जॉर्जिया वेयरहम को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को छठा झटका दिया। जॉर्जिया वेयरहम ने 19 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई।

# भारत ए महिला टीम ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**बैंकॉक।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा द्धनाबाद 55ऋ की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया।

आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई। शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुईं। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं।भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिए। जितिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी द्धशून्यऋ के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। नौवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। भारत ए महिला टीम ने 10-1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। दिनेश वृंदा ने 29 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। तेजल हसबनीस 12 रन बनाकर नाबाद रही।पाकिस्तान के लिए वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पहले राउंड में भारतीय टीन एजर धामने का सामना आठवीं सीड रियो नागची से



**नई दिल्ली।** भारतीय टीनएजर मानस धामने एटीपी दिल्ली ओपन 2026 सिंगल्स इवेंट के पहले राउंड में जापान के आठवीं सीड रियो नोगुची से भिड़ेंगे, जबकि डबल्स ड्रॉ में टॉप सीड सिद्धांत बंथिया द्धभारतऋ और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया), और दूसरी सीड निकी कलियंडा पूनाचा (भारत) और प्रूच्या इसारो हेडलाइन करेंगे।

एटीपी चैलेंजर 75 इवेंट, जो अपने छठे एडिशन के लिए डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में वापस आ रहा है, 16 से 22 फरवरी तक होगा, जिसमें 32 सिगल्स खिलाड़ी और 16 डबल्स टीमें टाइटल के लिए मुकाबला करेंगी। भारतीय पुरुष टेनिस के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक, धामने जनवरी में पहली बार एटीपी रैंकिग में टॉप 500 में पहुंचे और इस महीने की शुरुआत में अपना तीसरा आईटीएफ सिगल्स टाइटल जीता। नोगुची दुनिया में 246वें नंबर पर हैं और एटीपी चैलेंजर टूर पर दो बार के सिगल्स चैंपियन हैं। भारत के नंबर 1 सुमित नागल, जो पिछले वीकेंड बेंगलुरु में नीदरलैंड्स पर भारत की डेविस कप जीत का हिस्सा थे, स्पेन के डेविड जोर्डा सांचिस के खिलाफ ओपनिंग करेंगे। दूसरी तरफ, करण सिंह पोलैंड के सातवें सीड डेनियल मिचल्स्की से भिड़ेंगे, जबकि दिग्विजय सिंह का सामना पेट्र बार बिरयुकोव से होगा। सिगल्स ड्रॉ में ऑस्ट्रेलिया के टॉप सीड डेन स्वीनी द्धरैंक 138ऋ और जापान के दूसरे सीड रेई सकामोटो द्धरैंक 174ऋ लीड कर रहे हैं।इस बीच, डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन समेत नौ भारतीय, शनिवार से शुरू होने वाले 24 खिलाड़ियों के सिगल्स क्वालिफाइंग ड्रॉ में हिस्सा लेंगे। क्वालिफाइंग ड्रॉ को डेनिस एवसेएव द्धरैंक नंबर 362ऋ लीड कर रहे हैं और इसमें कोरिया के पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट हियोन चुंग भी शामिल हैं। पहले राउंड के सभी सिगल्स क्वालिफाइंग मैच रविवार को खेले जाएंगे, और मेन ड्रॉ मैच सोमवार द्ध16 फरवरीऋ से शुरू होंगे।डबल्स ड्रॉ में, बंथिया/डोंस्की अपने कैंपेन की शुरुआत फिलीपींस के फांसिस केसी अलकंटारा और जिम्बाब्वे के कोर्टनी लॉक के खिलाफ करेंगे। पूनाचा/इसारोद्ध जिन्होंने शनिवार को चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर डबल्स टाइटल जीता था।

# मुचोवा ने जीता पहला खिताबी मैच



**दोहा।** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा 2019 के बाद पहली बार, डब्ल्यूटीए टूर पर चैंपियन बनी हैं। उन्होंने विक्टोरिया म्बोको को शनिवार को दोहा में 1 घंटे 34 मिनट में 6-4, 7-5 से हराकर कतर टोटलएनर्जीज ओपन जीता। इस जीत से मुचोवा को अपने करियर का दूसरा और डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर पहला टाइटल मिला।

ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान मुचोवा ने कहा कि मुझे कोई टूर्नामेंट जीते हुए काफी समय हो गया है। इसलिए उस फीलिंग को फिर से पाना अच्छा है। दोहा में उस जीत की फीलिग की याद दिलाना, यह अविश्वसनीय है।ध29 साल की इस खिलाड़ी के लिए यह कई मायनों में बहुत लंबे समय से आ रहा था। मुचोवा का पहला करियर टाइटल 2019 में सोल में आया था। सिर्फ दो एक्टिव खिलाड़ियों ने अपने पहले और दूसरे टाइटल के बीच ज्यादा इंतजार किया है। सोरानासिर्स्टिया (13 साल) और विक्टोरिजा गोलुबिक द्धआठऋ। उस समय में, मुचोवा चार फाइनल हारी, सभी इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और झेंग किनवेन जैसे एलीट कॉम्पिटिशन से। 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से, सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने मुचोवा (57) से ज्यादा डब्ल्यूटीए 1000 मैच जीते हैं। पहले छह गेम तक दोनों बराबरी पर रहे, इससे पहले कि मुचोवा ने 4-3 से ब्रेक लिया। मजबूत होने के बाद, उन्होंने म्बोको की सर्व पर एक सेट पॉइंट हासिल किया, लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने कोशिश को नाकाम कर दिया। यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि मुचोवा ने अगले गेम में सेट पूरा कर लिया।मुचोवा ने फिर से दूसरा सेट शुरू करने के लिए जोरदार शुरुआत की, 2-2 की बराबरी पर तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए। म्बोको ने बैकहैंड विनर, एक स्मैश और एक ऐस के साथ उन्हें जोरदार तरीके से मिटा दिया। कुछ पॉइंट बादद्ध उन्होंने मैच का अपना चौथा ऐस लगाकर स्कोर 3-2 कर दिया।वह लगातार आगे बढ़ती रहीं, मुचोवा को ब्रेक करके 4-2 की बढ़त बना ली, यह मैच का उनका पहला ब्रेक था, लेकिन यह मोमेंटम ज्यादा देर तक नहीं रहा। मुचोवा ने तुरंत ब्रेक किया और 4-4 से बराबरी पर रहते हुए वह पल तय किया जिसने मैच का फैसला कर दिया: 6-5 का ब्रेक जिससे उन्हें टाइटल के लिए सर्व करने का मौका मिला और उन्होंने काम पूरा कर दिया।

# शेल्टन सेमीफाइनल में, शापोवालोव को हराया



**डलास।** बेन शेल्टन शनिवार को नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6 (4) से हराया। दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली।फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था। फ्रिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फ्रिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, ष्बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं।दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फ्रिट्ज को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे। हालांकि वह अपने पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए, लेकिन सर्व पर फ्रिट्ज के शांत स्वभाव नेफर्क पैदा किया, उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 86 प्रतिशत (48/56) जीता । फ्रिट्ज ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली और 2024 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने पर घरेलू मैदान पर पहले फाइनल में पहुंच गए।

# हर तबके का ध्यान रखकर तैयार किया बजट : बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हाल ही में जारी हुए बजट को लेकर राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने प्रेस के दौरान पत्रकारों से बजट की उपलब्धियों ब्यान करते हुए कहा कि प्रस्तुत केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय वृद्धि और महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला है तथा इसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे बजट की सकारात्मक जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें।

विधायक प्रदीप बत्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए राहत देने वाला




साबित होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का सीधा लाभ उत्तराखंड सहित पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में स्थानीय विकास, सड़क, परिवहन और शहरी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व

**❖राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने केंद्रीय बजट की खूबियों को लेकर रुड़की में पत्रकारों को किया सम्बोधित**

में प्रस्तुत यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की सोच को दर्शाता है। उन्होंने इसे "विकास, विश्वास और अवसर" का बजट बताते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

वहीं इस अवसर पर राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, जिला महामंत्री सागर गोयल, अक्षय प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिलाउपाध्यक्ष भीम सिंह, सहसंयोजक युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कौशिक, जिला उपाध्यक्ष संजीव तोमर,जिला मंत्री सतीश सैनी, मंडलअध्यक्ष सुमित अग्रवाल, डॉ अमन गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रोमा सैनी, प्रमोद चौधरी, कार्यालय प्रभारी कदम सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# मुंबई पुलिस ने अपहृत युवती लक्सर से की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** मुंबई रेलवे पुलिस ने वर्ष 2019 के अपहरण के एक मामले में फरार चल रही एक युवती को लक्सर क्षेत्र से बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी युवक को भी हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डोबिवली रेलवे पुलिस थाना, मुंबई की टीम अपहरण के मामले में वांछित युवती अंजली तिरुपति शिंदे उर्फ शबनम जहान (22 वर्ष) की तलाश में लक्सर पहुंची थी। मुंबई पुलिस ने लक्सर कोतवाली पुलिस के सहयोग से ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर में दबिश दी, जहाँ से युवती को बरामद कर लिया गया। साथ ही, मौके से शाबिर पुत्र मुकर्रम निवासी खड़ंजा कुतुबपुर को भी हिरासत में ले लिया गया।

आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस टीम युवती और आरोपी को अपने साथ महाराष्ट्र लेकर रवाना हो गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बी.के. होटकर, हेड कांस्टेबल एस.सी. पाटील, हेड कांस्टेबल ए.आर. शेलके तथा महिला हेड कांस्टेबल एम.डी. कांबले शामिल रहे।

### नशे की लत ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

# पुलिस ने माल सहित शातिर चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दिनदहाड़े घर में घुसकर जेवरात चोरी करने वाले एक अभियुक्त को चोरी के माल समेत गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। बीती 7 फरवरी 2026 को सिंचाई विभाग कॉलोनी निवासी डोडी चौहान ने पुलिस को तहरीर दी थी कि 6 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे किसी अज्ञात चोर ने उनके घर की अलमारी से सोने और चांदी के जेवरात साफ कर दिए हैं। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। मैनुअल पुलिसिंग और सर्विलांस की मदद से आखिरकार पुलिस आरोपी तक पहुँचने में सफल रही। 14 फरवरी को सूचना पर पुलिस टीम ने अभियुक्त शुभम निवासी मिलाप नगर को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी किए गए जेवरात बरामद कर लिए गए हैं। जिनमें एक सोने का मांग टीका, एक बच्चे की सोने की चौन, एक महिला की सोने की चौन, एक सोने का पैंडल, एक सोने की नथ शामिल है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप कुमार, उपनिरीक्षक राजीव उनियाल, सीआईयू प्रभारी संजय पुनिया शामिल रहे।

# एनसीसी प्रमाण पत्र को लेकर परीक्षा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आई0आई0टी0 परिसर स्थित गार्गी भवन में एनसीसी के वरिष्ठ स्कन्ध कैडेट्स हेतु सी प्रमाण पत्र लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। एनसीसी विभाग के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर द्वारा बताया गया कि परीक्षा केंद्र पर लगभग 731 एनसीसी कैडेट्स ने लिखित परीक्षा में प्रतिभाग किया । परीक्षा का आयोजन कर्नल वीरेंद्र नेगी एवं ले कर्नल वीरेंद्र चौहान के निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

जानकारी के अनुसार लिखित परीक्षा में कैडेट्स से तीन वर्ष में उनके द्वारा पढ़े गए पाठ्यक्रम में से ड्रिल, मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट- बैटल क्राफ्ट व करेंट अफेयर्स आदि विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। आज परीक्षा का निरीक्षण एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रुड़की के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर



प्रभात भंडारी द्वारा किया गया व अपने संबोधन में कैडेट्स को बताया कि सी प्रमाण पत्र एक ऐसा जरिया है जिसके द्वारा बिना लिखित परीक्षा दिए कैडेट्स एसएसबी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं व भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त कर देश सेवा कर सकते हैं । आने वाले अक्टूबर माह में एसएसबी परीक्षा की तिथियां निधारित की गई है व कैडेट्स को मार्च में सी प्रमाण पत्र वित्त कर दिए जाएंगे जो उनके भविष्य के लिए बहुत लाभकारी होगा। परीक्षा के सफल आयोजन में ले (डॉ) इंदरदीप सिंह, ले (डॉ) अपर्णा शर्मा, लेफ्टिनेंट एसएस नपलच्याल, ले मुकेश कुमार, सूबेदार सुभाष चंद्रा, सूबेदार सुनील सिंह, सूबेदार राजेश कुमार, बीएचएम केशवानंद, सीएचम कुलविंदर सिंह, हवलदार दीपक, हवलदार सुरजीत सिंह, वरिष्ठ सहायक कामनी मोहन नौटियाल, डीईओ सन्दीप बुड़ाकोटी, सेवानिवृत्ति हवलदार धर्म सिंह आदि परीक्षा कराने हेतु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पिरान कलियर में मानवता की मिसाल : सड़क किनारे

# बेसुध पड़ी असहाय वृद्धा को पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर पुलिस ने इंसानियत और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक असहाय वृद्ध महिला को अस्पताल हॉस्पिटल पहुंचा। इमलीखेड़ा और बेडपुर के बीच सड़क किनारे गन्ने के खेत में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्ध महिला के पड़े होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।

जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि वृद्ध महिला अर्धनग्न अवस्था में बेसुध पड़ी हुई थी तथा उसकी हालत अत्यंत गंभीर थी। आसपास कोई परिजन या परिचित मौजूद नहीं था। परिस्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस टीम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। सबसे पहले महिला को वस्त्र उपलब्ध कराए गए, जिससे उसकी गरिमा की रक्षा हो सके। इसके पश्चात उसे सुरक्षित रूप से सरकारी वाहन के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, एसएसआई सुनील पंत,



इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, एसआई विशाखा असवाल, कॉन्स्टेबल आबादी अली एवं नीरज राणा सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 16 फरवरी को देहरादून में राजभवन का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामनगर चौक स्थित एक होटल में आज युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी हरनीत बराड़ का आगमन हुआ। रुड़की पहुँचने पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। फूल-मालाओं से लदी हरनीत बराड़ ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी रणनीति साझा की और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला।

सचिन चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का युवा, किसान और बेरोजगार पूरी तरह से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के राज में लगातार भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जो युवाओं को रोजगार से वंचित रखने की एक सोची-समझी साजिश है। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनका शोषण कर रही है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही युवा कांग्रेस की प्रदेश सहप्रभारी प्रभारी हरनीत बराड़ ने कहा कि आने वाले समय में युवा ही देश और प्रदेश की सरकार की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि 16 फरवरी को देहरादून में होने वाले राजभवन घेराव के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवा एकजुट होकर पहुँचें। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई युवाओं के हक और सम्मान की है, और इस बार सरकार का श्भंडाफोड़श होकर रहेगा। इस कार्यक्रम के दौरान



प्रदेश यूथ कांग्रेस कमेटी के प्रणय प्रताप ने भी सभा को संबोधित किया। देहरादून कूच की तैयारियों पर चर्चा की। इस मौके पर नियामुल हक ने कहा कि यह प्रदेश सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में नियुक्त और कानून व्यवस्था के ऊपर पूरी तरीके से माफिया का राज है इस मौके पर अफजल मुंतजिर शिवाकांत मनीष परमार मोहित अंकित शाहबाज उवैश हर्षवर्धन बावरा नईम आजम गुलफाम सौरभ सैनी समद गुलिस्तान सहरवान दानिश कलीम अयान आदि कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में शिवभक्तों की लगी रही लंबी कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की सुबह 4:00 बजे से ही लंबी कतारे लगी हुई है और सभी अपनी मन्नतें मांग रहे हैं मुख्य पुजारी श्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्राचीन शिव मंदिर बहुत पुराना है यहां हर वर्ष शिवरात्रि के मौके पर बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमें क्षेत्र के हजारों की तादाद में लोग अपनी मनोकामना पूरी करवाने के लिए आते हैं उन्होंने कहा इस वर्ष यहां पर 15 तारीख से लेकर 22 तारीख तक मेले का आयोजन किया जा रहा है और यहां पर सुबह 4:00 बजे से अभी भी शिव भक्तों की लाइन लगी हुई है उन्होंने कहा यहां पर आकर जो



भी अपनी मनोकामना मांगता है उसकी मनोकामना प्राचीन शिव मंदिर में पुरी भगवान करते हैं वहीं महिला पुजारी ने कहा कि यह जो प्राचीन शिव मंदिर सीमली नगर पालिका परिषद लक्सर में स्थित है यहां पर शिवरात्रि के मौके पर लोग अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रसाद चढ़ाते हैं और यहां पर आते हैं उन्होंने कहा यहां पर सुबह 4:00 बजे से ही आज लंबी लाइन लगी हुई है जो अभी भी जारी है प्राचीन शिव मंदिर के मेले में इस वर्ष बड़े-बड़े झूले बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए हैं इस वर्ष मेले में पहली बार सर्कस भी लगाया गया है जिसका सभी लोग लुफ्त उठा रहे हैं और बच्चे भी मेले में घूम कर मनोरंजन कर रहे हैं।

# रामनगर में लगे गंदगी के अंबार, खुले सीवर और कूड़े का ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामनगर क्षेत्र में सड़क पर खुले पड़े सीवर और नालियों में भरे कूड़े ने "स्वच्छ रुड़की, सुंदर रुड़की" के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुख्य मार्ग पर टूटा हुआ सीवर लाइन का ढक्कन दुर्घटना को न्योता दे रहा है, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्थायी रूप से लकड़ी और कपड़े के सहारे ढक रखा है। वहीं नालियों में प्लास्टिक और गंदगी का अंबार लगा है, जिससे दुर्गंध और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में वार्ड पार्षद पंकज सतीजा ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि मेयर अपनी जिम्मेदारी को भूल गए हैं। उनका कहना है कि शहर की सफाई और सीवर व्यवस्था की देखरेख नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बदतर हैं। पार्षद ने मांग की है कि टूटे हुए सीवर ढक्कनों को तुरंत बदला जाए, नालियों की नियमित सफाई कराई जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और शहर वास्तव में स्वच्छ व सुंदर बन सके।

# शिक्षक संघ ने समय-सारिणी व टीईटी अनिवार्यता पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन शाखा जनपद हरिद्वार की जिला कार्यकारिणी तथा सभी विकासखंडों के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्षों की संयुक्त बैठक शुक्रवार को भागीरथी शिक्षक भवन/रिसोर्ट सेंटर, बोंगला बहादराबाद में आयोजित हुई। 30 जनवरी को सम्पन्न जनपदीय निर्वाचन के बाद यह पहली आधिकारिक संयुक्त बैठक रही। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय तदर्थ समिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान ने की।

बैठक में विभिन्न विकासखंडों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विभाग द्वारा प्रस्तावित एक समान समय-सारिणी का सभी ब्लॉकों ने सर्वसम्मति से विरोध किया। पदाधिकारियों का कहना था कि हरिद्वार जनपद की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियाँ अन्य जिलों से भिन्न हैं, ऐसे में एकरूप समय-सारिणी व्यवहारिक नहीं है। वहीं टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर भी पदाधिकारियों ने एक स्वर में विरोध दर्ज कराया। निर्णय लिया गया कि महासंघ के साथ समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यक्रमों की रूपरेखा शीघ्र तय की जाएगी, ताकि शिक्षक हितों की प्रभावी रक्षा हो सके।

बैठक में शिक्षक हितों की सुरक्षा, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण तथा संगठन की मजबूती से जुड़े कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिला महामंत्री हेमेंद्र चौहान ने बैठक का संचालन किया, जबकि जिला अध्यक्ष अश्विनी चौहान ने समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष अश्विनी चौहान, जिला महामंत्री हेमेंद्र चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा, संरक्षक अशोक चौहान, जिला संयुक्त मंत्री परविंदर सैनी, उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, अमरीश वर्मा, कामिनी शर्मा, लेखाकार वीर सिंह पवार, विधि गुप्ता, संजय चौहान, सहित विभिन्न विकासखंडों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भगवानपुर विधानसभा में पिछले कुछ सालों से लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे

# मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर 2027 के चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**राव तौसीफ अली**

**भगवानपुर।** कस्बा स्थित हाजी भूरा के आवास पर भगवानपुर विधानसभा के मुस्लिम समाज के प्रत्येक गांव से पहुचे जिम्मेदार लोगों ने अपने समाज की बैठक की। जिसमे सम्मानित जिम्मेदार लोगो ने अपने समाज के लोगों से अपनी बात साझा कर बताया की पिछले कुछ वर्षों से भगवानपुर विधानसभा में लगातार मुस्लिम समाज की अनदेखी की जा रहीं है जिससे मुस्लिम समाज में नाराजगी चल रही है। अब मुस्लिम समाज जागरुक हो गया है अब अपना शोषण बर्दास्त नही करेगा। आगामी 2027 के चुनाव मे मुस्लिम समाज संघठित होकर स्वम निर्णय लेगा । कोई भी पार्टी भगवानपुर के मुस्लिमों को अपना वोट बैंक न समझे ,इस बार चुनाव मे मुस्लिम समाज अपने आप सोच समझकर अपना नेता चुनेगा ओर 2027 विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ा जायगा।

देश-प्रदेश में मुस्लिमों पर अत्याचार हो रहा है एक विशेष समुदाय को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिमों को फर्जी मुकदध्मो मे



फसाकर उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा आज। रविवार को विचार किया कि भगवानपुर विधान सभा के मुस्लिम समाज के लोग अपना संगठन बनाकर अपने हितों की रक्षा स्वमं करेगा। यह संघठन विधानसभा भगवानपुर के प्रत्येक गाव मे घर-घर जाकर उन्हें जागरूक करने का कार्य करेंगा। बैठक व संघठन का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और समाज को आपसी सहघ्योग की भावना को मजबूत करना, मुस्लिम समाज के बच्चों के भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा,स्वाथय सेवाए मिलना, तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल कार्य के लिए कार्येकर्मो में भाग लेने के लिए प्रेरीत करना, सामाजिक ऐकता, आपसी भाईचारे और कानून के प्रति जानकारी होना जरूरी है। समाज को नशे से बचाना हैं,ओर अपराध अन्य बुराइयी से दूर रहने तथा समाज के विकास में सक्रीय भूमीका निभाने का संदेश दिया गया है। अब हम सबने मिलकर संकल्प लिया है समाज के विकास कार्य मिलकर करेगे, जरूरतमंद लोगो की साहयता कैरेगे । इस प्रकार की बैठक से समाज में जागरुकता बढती है। इससे समाज मे ऐकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। जो समाज के लिए बहुत जरूरी है। बैठक हाजी भूरा,राव फरमुद ,मुनीर आलम,अमीर आलम,रियासत प्रधान,नासीर प्रवेज, ईशा त्यागी,जहिर त्यागी,हाजी सहजाद,डा.इरकान,मुस्तुफा प्रधान,फुरकान अंसारी,तालीम बीडीसी, रासीद अली,मुन्नववर अली,राकिब अली,नसीर आजाद,भूरा ,उस्मान प्रधान,जिसान अली,मस्कूर राणा,कय्यूम अली,उस्मान,तनवीर प्रधान,मांना प्रधान,हाजी नौसाद फरमान, प्रधान अन्य मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोग शामिल हुए।

**❖किसी का बंधुवा वोट बैंक नहीं है मुस्लिम समाज**

**❖मुसलमान को हर जगह टारगेट किए जाने व जन प्रतिनिधि की खामोशी से आक्रोश**

**❖शिक्षा, सामाजिक एकता व भाईचारे को लेकर दिया गया आपस में जोर**

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 16 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लोकतंत्र में आस्था बनी रहे

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न आशंकाओं का निराकरण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग कर रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग का मानना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। अगर सरकार इस पर पहले ही हामी भर देती, तो इस कार्य में लगे अन्य कर्मियों को भी काम का दबाव नहीं झेलना पड़ता, जिसको लेकर राज्य में सत्तारूढ़ दल की ओर से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण



अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण है, सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं, तो वे सही तरीके से काम भी करें, निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है, ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# अगला हमला भारतीय प्रशासनिक सेवा पर!



पवन सिंह

निरंकुश और अलोकतांत्रिक सत्ताएं कभी भी निर्माण पर भरोसा नहीं करती हैं। एक सर्वमान्य निर्मित संविधान या नियमों को न मानते हुए उसके समानांतर एक और निरंकुश व्यवस्था खड़ी करना ही ऐसी सत्ताओं का पैमाना रहा है। यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि इन निरंकुश सत्ताओं के लिए कभी भी देश, समाज और जनता प्राथमिकता में नहीं रही है न कभी होगी। हां! इनके प्रोपेगैंडा में राष्ट्र, राष्ट्रीयता, स्वाभिमान, आत्मा, चित्त, परमात्मा जैसे शब्द आसमां तक उछलते मिलेंगे। यह ठीक वैसा ही है जैसे आजकल गिद्ध मार्का साधु-संत करते हैं। खुद के लिए एसी पंडाल, कथा के लिए 50 लाख से एक करोड़ व वाहनों में बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, लेकिन भक्तों के लिए- क्या लेकर आए थे और क्या लेकर जाना है।

ऐसी सत्ताओं की सोच बेहद कट्टर और संकुचित होती है। जनता को उसके मूल विषयों से भटकाए रखना, अपने ही देश की अवाम के बीच नफरत पैदा करना और एक मान्य व्यवस्था को ध्वस्त कर देना ऐसी सत्ताओं का शगल रहा है। देश की जनता अगर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होती है और इतिहास से सबक नहीं लेती है तो उसके हाथ केवल विनाश लगता है। इस तरह की सत्ताओं के तीन सबसे खतरनाक हथियार हुआ हैं-धर्म, राष्ट्रवाद और संस्कृति। जर्मनी हो या मिडिल ईस्ट या ताजा-ताजा लंका इसके जीवंत उदाहरण हैं। इन सत्ताओं का अंतिम हमला होता है सुरक्षा बलों पर और देश की व्यवस्था को मान्य नियमों से संचालित करने वाली वहां की प्रशासनिक सेवाओं पर। भारत की मौजूदा सत्ता ने अब इन दोनों पर हमला आरंभ कर दिया है। मैं पहले भी अपने लेखों के माध्यम से कहता आया हूं कि बचेगा कोई नहीं। एक-एक करके सबका शिकार होगा और ठीक वैसा ही हो रहा है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा को नष्ट करने के लिए एक वायरस तैयार किया गया है और उस वायरस का नाम है-लैटरल एंट्री यहां यह स्पष्ट कर दूं कि इस तथाकथित लैटरल एंट्री के जरिए जो आईएएस थोपे जा रहे हैं वे UPSC जैसे कड़ी परीक्षा और प्रक्षिशण प्राप्त आईएएस अधिकारियों से कहीं ज्यादा ताकतवर हैं, क्योंकि उनकी नियुक्तियों का आका सत्ता के मजबूत शिखर पर बैठा है और वे उस आका द्वारा नियुक्त कठपुतली हैं, उनकी रीढ़ के सारे धागे आका की उंगलियों में हैं। उनकी स्थिति और औकात एक गाने की लाइन में छिपी हैं-जितनी चाभी भरी राम ने उतना चले खिलौना। यानी कि लैटरल आईएएस कहीं ज्यादा ताकतवर है UPSC के आईएएस से। केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री के जरिए वरिष्ठ पदों के लिए 31 नाम फाइनल किए और तैनाती दे दी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग DoPT ने 12 दिसम्बर, 2020 और 12 फरवरी 2020 को UPSC से संविदा प्रतिनियुक्ति आधार पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों विभागों में संयुक्त सचिव उप सचिव के पद पर शामिल करने के लिए योग्य उम्मीदवारों के चयन करने का अनुरोध किया था। यूपीएससी ने 6 फरवरी 2021 को ऑनलाइन भर्ती आवेदन द्वारा संयुक्त सचिव निदेशक स्तर की भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत की और इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2021थी। इसके साथ ही उप सचिव पदों के लिए 20 मार्च को भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत हुई और आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। संयुक्त सचिव के लिए 295, निदेशक स्तर के पदों के लिए 1247 और उप सचिव स्तर के पदों के लिए 489 आवेदन मिले। 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया। उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए ऑनलाइन आवेदन पत्रों के आधार पर संघ लोक सेवा आयोग ने 231 उम्मीदवारों का साक्षात्कार के लिए चयन किया और 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया और 31 उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया गया है। लेटरल एंट्री गजब का भर्ती वायरस है। इसमें UPSC की तीन चरणों में वाली परीक्षा पास किए बगैर भी प्रशासनिक अधिकारी बनाया जाता है। लेटरल एंट्री के जरिए निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सीधे जॉइंट सेकेट्री या डायरेक्टर के पद पर नियुक्त मिलती है। इस परीक्षा में साक्षात्कार के जरिए सेलेक्शन किया जाता है। फिलहाल लैटरल एंट्री वाले आईएएस अधिकारी ये रहे-

1. सैमुएल प्रवीण कुमार (ज्वाइंट सेक्रेटरी, कृषि मंत्रालय) 2. मनीष चड्ढा (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वाणिज्य मंत्रालय) 3. बालासुब्रमण्यम कृष्णमूर्ति (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वित्त मंत्रालय) 4. कपिल अशोक बेंद्रे (डायरेक्टर-एग्रीकल्चर मार्केटिंग, कृषि मंत्रालय) 5-नीरज गाबा (डायरेक्ट-एक्सपोर्ट मार्केटिंग, वाणिज्य मंत्रालय) 6-सागर रमेश राव काडू (डायरेक्टर-लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य मंत्रालय) 7-प्रणु नारायण (डायरेक्टर-साइबर सिक्योरिटी इन फाइनेंशियल सेक्टर, वित्त मंत्रालय) 8-हर्ष भौमिक (डायरेक्टर-डिजिटल इकोनॉमी, वित्त मंत्रालय) 9-शेख चौधरी (डायरेक्टर-फाइनेंशियल मार्केट, वित्त मंत्रालय) 10-हार्दिक मुकेश सेठ (डायरेक्टर-बैंकिंग, वित्त मंत्रालय) 11-मंदाकिनी बलोढी (डायरेक्ट-इंश्योरेंस, वित्त मंत्रालय) 12-अवनीत सिंह अरोड़ा (डायरेक्टर-आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन लॉ, कानून मंत्रालय) 13-हैमंती भट्टाचार्य (डायरेक्टर-साइबर लॉ, कानून मंत्रालय) 14-मातेश्वरी प्रसाद मिश्रा (डायरेक्टर-वेयर हाउस एक्सपरटीज, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) 15-गौरव सिंह (डायरेक्ट-एजुकेशन टेक्नोलॉजी, शिक्षा मंत्रालय) 16-एडला नवीन निकोलस (डायरेक्टर-आईसीटी एजुकेशन, शिक्षा मंत्रालय) 17-मुक्ता अग्रवाल (डायरेक्टर-मीडिया मैनेजमेंट, शिक्षा मंत्रालय) 18-शिव मोहन दीक्षित (डायरेक्टर-वाटर मैनेजमेंट, जलशक्ति मंत्रालय) 19-गोविंद कुमार बंसल (डायरेक्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय) 20-बिदुर कांत झा (डायरेक्टर, सड़क परिवहन मंत्रालय) 21-अवीक भट्टाचार्य (डायरेक्टर, नागरिक उड्डयन मंत्रालय) 22-संदेश माधवराव तिलेकर (डायरेक्टर, स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय) 23- ) तु चंद्रा (डिप्टी सेक्रेटरी, शिक्षा मंत्रालय) 24-रुचिका द्राल (डिप्टी सेक्रेटरी, पर्यावरण मंत्रालय) 25-सौमेंदू रे (डिप्टी सेक्रेटरी, सांख्यिकी मंत्रालय) 26-सारथी राजा जी (डिप्टी सेक्रेटरी, इस्पात मंत्रालय) 27-राजन जैन (डिप्टी सेक्रेटरी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय) 28- धीरज कुमार (डिप्टी सेक्रेटरी खान मंत्रालय) 29-राज. ेश असाती (डिप्टी सेक्रेटरी, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय) 30-गौरव किशोर जोशी (डिप्टी सेक्रेटरी, भारी उद्योग मंत्रालय) 31-जमीरुद्दीन अंसारी (डिप्टी सेक्रेटरी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय)।

मैंने अपने परिचित अवकाश प्राप्त दो चीफ सेक्रेटरी अधिकारियों, आधा दर्जन रिटायर्ड और वर्तमान आईएएस अधिकारियों से बात की तो लब्बोलुआब यह निकला कि 2024 के बाद अग्निवीर की तरह वे भी प्रशासनिक वीर बन कर रह जाएंगे। इन आईएएस अधिकारियों के अनुसार प्राइम पोस्टिंग यानी मलाईदार पोस्टिंग और सत्ता के साथ मिलकर लूट में साझेदारी ने इस कैडर की ताकत को नेस्तनाबूद कर दिया है। इन अधिकारियों का कहना है कि देश के सारे आईएएस अधिकारियों को मिलकर एक आपात बैठक करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी अधिकारी सत्ता के गलत आदेशों को किसी भी सूरत में नहीं मानेगा भले ही उसका स्थानांतरण सामान्य विभाग में क्यों न कर दिया जाए अन्यथा अगला नंबर भारतीय प्रशासनिक सेवाओं का है। सरकार अब प्रशासनिक सेवाओं के रिक्त पदों को भी भरने में खास दिलचस्पी नहीं ले रही है। राज्यसभा में सरकार की ओर से 2023 में जो जवाब दिया गया था कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1,365 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 703 पद रिक्त हैं। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 1,042 और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में 301 पद रिक्त हैं। कुल जमा खर्च यह है कि सत्ता को रीढ़ विहीन प्रशासनिक लाबी चाहिए। मौजूदा सत्ता को फिल्म घातक (1996 हीरो-सनी देओल और विलेन-डैनी डेन्जोंगपा) के डायलाग बोलने और सोचने वाला आईएएस अफसर नहीं चाहिएं, सत्ता को चाहिए जो उसके लिखे डायलाग्स दुम हिलाते हुए बोल सकें। सत्ता चाहती है ऐसा प्रशासनिक अधिकारी जो रिरियाता हुआ धीरे से यह डायलाग्स बोल सके-कात्या! तू चाहता है मैं तेरे यहां कुत्ता बनकर रहूं। तू कहे तो काटूं। तू कहे तो भौंकू। ऐसा ही होगा कात्या! यहां कात्या कैरेक्टर का मतलब सत्ता से है। काश! भारतीय प्रशासनिक सेवा से आए मौजूदा आईएएस अधिकारी आने वाले खतरे को भांप सकें और रीढ़ की हड्डी को खड़ा करके राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठक कर विचार कर सकें। अन्यथा अब उम्मीद तो न सुप्रीम कोर्ट से रही और न पूंछ बराबर बची संवैधानिक संस्थाओं से। अब तो नेचर से न्याय की उम्मीद है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐसे ही नहीं शुरू हो गई घुड़सवारी

**कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंक. ालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं।**

मनुष्य ने सबसे पहले घुड़सवारी कब की थी? इस सवाल के जवाब कई तरह से खोजने की कोशिश हुई है क्योंकि घोड़े पर सवारी करना मानव इतिहास का एक अहम पड़ाव माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि आजकल के रूस और यूक्रेन के घास के मैदानों (स्टेपीज) से निकलकर लोग तेजी से यूरेशिया में फैल गए थे। यह कोई 5300 वर्ष पहले की बात है। जल्दी ही इन यामानाया लोगों के जेनेटिक चिंह मध्य यूरोप से लेकर कैस्पियन सागर के लोगों तक में दिखने लगे थे। आजकल के पुरावेत्ता इन लोगों को पूर्वी चरवाहे कहते हैं, लेकिन इनमें घुड़सवारी के कोई लक्षण नजर नहीं आते थे। इसके अलावा, यामानाया स्थलों पर मवेशियों की हड्डियां भी मिली हैं और मजबूत गाड़ियों के अवशेष भी, लेकिन घोड़ों की हड्डियां बहुत कम मिली हैं। इस सबके आधार पर पुरावेत्ताओं ने मान लिया था कि लोगों ने घोड़ों पर सवारी 1000 साल से पहले शुरू नहीं की होगी। अब अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ साइन्सेज के सम्मेलन में प्रस्तुत एक अध्ययन में दावा किया गया है कि घुड़सवारी के प्रमाण प्राचीन घोड़ों की हड्डियों में नहीं, बल्कि यामानाया सवारों की हड्डियों में मिले हैं। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के वोल्कर हेड का कहना है कि सब लोग घोड़ों को देख रहे थे और हमने मनुष्यों को देखा। आनुवंशिक व अन्य प्रमाण बताते हैं कि घोड़ों को 3500 ईसा पूर्व में पालतू बना लिया गया था, लेकिन ऐतिहासिक स्रोतों या चित्रों में घुड़सवारी के प्रमाण इसके लगभग 2000 वर्षों बाद मिलने लगते हैं। तो कई पुरावेत्ता मानने लगे थे कि पूर्वी चरवाहे घोड़ों पर सवारी करने की बजाय अपने पशुधन के साथ पैदल ही चलते रहे होंगे। अब यामानाया फैलाव को समझने के उद्देश्य से हेलसिंकी के मानव वैज्ञानिक मार्टिन ट्रॉटमैन और उनके साथियों ने रोमानिया, हंगरी और बुल्गारिया की कब्रों से खोदे गए डेढ़ सौ से ज्यादा मानव कंकालों का विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र यामानाया लोगों के फैलाव की पूर्वी सीमा पर है।

विश्लेषण से पता चला कि ये लोग सुपोषित, तंदुरुस्त और अच्छे कद वाले थे। उनकी हड्डियों के रासायनिक विश्लेषण से यह भी लगता है कि इनका भोजन प्रोटीन प्रचुर था, लेकिन एक दिक्कत थी इनके कंकालों में विशिष्ट किस्म की क्षतियां और विकृतियां नजर आई। कई कंकालों में रीढ़ की हड्डियां दबी हुई थीं। ऐसा तब हो सकता है जब बैठी स्थिति में व्यक्ति को दचके लग रहे हों। कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंकालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि जब तक घोड़ों की हड्डियां न मिल जाएं, जिन पर सवारी के चिंह हों, तब तक निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। एक समस्या यह भी है कि पुरावेत्ताओं को यामानाया स्थलों से गाड़ियां, बैल और जुएं



तो मिले हैं लेकिन लगाम और जीन जैसे घुड़सवारी के साधन नहीं मिले हैं। तो मामला अभी खुला है कि मनुष्यों ने घुड़सवारी कब शुरू की थी।

# बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत



जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे शब्द अब हमारे लिए अनजाने नहीं हैं। बढ़ते हुए वैश्विक तापमान से निकट भविष्य में होने वाली समस्याओं के संकेत दिखने लगे हैं। इनको सीमित करने के लिए समय-समय पर सम्मेलन आयोजित होते रहे हैं। हाल ही में ग्लासगो में ऐसा सम्मेलन हुआ था। आमतौर पर इन सम्मेलनों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, वनों की कटाई, पारिस्थितिक तंत्र आदि मुद्दे सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर चर्चा नहीं होती है। हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने हमारे खानपान के तरीकों से पृथ्वी पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। तथ्य यह है कि विश्व में लगभग दो अरब लोग (अधिकांश पश्चिमी देशो में) अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। इसके विपरीत करीब 80 करोड़ ऐसे लोग (अधिकांश निम्न व मध्यम आमदनी वाले देशों में) भी हैं जिनको पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। 2017 में अस्वस्थ आहार से विश्व स्तर पर सबसे अधिक मौतें हुई थीं। राष्ट्र संघ खाद्य व कृषि संगठन के अनुसार जनसंख्या में वृद्धि और पश्चिमी देशों के समान अधिक से अधिक भोजन का सेवन करने के रुझान को देखते हुए अनुमान है कि वर्ष 2050 तक मांस, डेयरी और अंडे के उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत वृद्धि जरूरी होगी।

यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की भी समस्या है। गौरतलब है कि वर्तमान औद्योगीकृत खाद्य प्रणाली वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन के लगभग एक-चौथाई के लिए जिम्मेदार है। इसके लिए विश्व भर के 70 प्रतिशत मीठे पानी और 40 प्रतिशत भूमि का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसके लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उर्वरक नाइट्रोजन और फॉस्फोरस चक्र को बाधित करते हैं और नदियों तथा तटों को भी प्रदूषित करते हैं। वर्ष 2019 में 16 देशों के 37 पोषण विशेषज्ञों, पारिस्थितिकीविदों और अन्य विशेषज्ञों के एक समूह-लैंसेट कमीशन ऑन फूड, प्लेनेट एंड हेल्थ-ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पोषण और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए व्यापक आहार परिवर्तन का आह्वान किया गया है। लैंसेट समूह द्वारा निर्धारित आहार का पालन करने वाले व्यक्ति को लचीलाहारी कहा जाता है जो अधिकांश दिनों में तो पौधों से प्राप्त आहार लेता है और कभी-कभी थोड़ी मात्रा में मांस या मछली का सेवन करता है। इस रिपोर्ट ने निर्वहनीय आहार पर ध्यान तो आकर्षित किया है लेकिन यह सवाल भी उठा है कि क्या यह सभी के लिए व्यावहारिक है। इस संदर्भ में कुछ वैज्ञानिक पोषण और आजी. विका को नुकसान पहुंचाए बिना स्थानीय माहौल के हिसाब से पर्यावरणीय रूप से निर्वहनीय आहार का परीक्षण करने का प्रयास कर रहे हैं।

### खानपान से होने वाला उत्सर्जन

खाद्य उत्पादन से होने वाला ग्रीनहाउस उत्सर्जन इतना अधिक है कि वर्तमान दर पर सभी राष्ट्र गैर-खाद्य उत्सर्जन को पूरी तरह खत्म भी कर देते हैं तब भी तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया जा सकता है। खाद्य प्रणाली उत्सर्जन का 30 से 50 प्रतिशत हिस्सा तो केवल जंतु सप्लाई चेन से आता है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेषज्ञों के अनुसार 2050 तक शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि के कारण भोजन सम्बंधी उत्सर्जन में 80 प्रतिशत तक वृद्धि होने की सम्भावना है। यदि सभी लोग अधिक वनस्पति-आधारित आहार का सेवन करने लगें और अन्य सभी क्षेत्रों से उत्सर्जन को रोक दिया जाए तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को पूरा करने की 50 प्रतिशत उम्मीद होगी। यदि भोजन प्रणाली में व्यापक बदलाव के साथ आहार में भी सुधार किया जाता है तो यह संभावना बढ़कर 67 प्रतिशत हो जाएगी। अलबत्ता, ये निष्कर्ष मांस उद्योग को नहीं सुहाते। 2015 में यूएस कृषि विभाग की सलाहकार समिति ने आहार सम्बंधी दिशानिर्देशों में संशोधन करते समय शोधकर्ताओं के हस्तक्षेप के चलते पर्यावरणीय पहलू को भी शामिल करने पर विचार किया था, लेकिन उद्योगों के दबाव के कारण इस विचार को खारिज कर दिया गया। फिर भी इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान तो गया। यूके-आधारित वेलकम संस्थान द्वारा वित्तपोषित ईट-लैंसेट कमीशन ने एक मजबूत केस प्रस्तुत किया। पोषण विशेषज्ञों ने संपूर्ण खाद्य पदार्थों से बना एक बुनियादी स्वस्थ आहार तैयार किया, जिसमें कार्बन उत्सर्जन, जैव-विविधता हानि और मीठे पानी, भूमि, नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस के उपयोग को शामिल किया गया। इस प्रकार से टीम ने आहार की पर्यावरणीय सीमाएं निर्धारित की। टीम के अनुसार इन पर्यावरणीय सीमाओं का उल्लंघन करने का मतलब इस ग्रह को मानव जाति के लिए जीवन-अयोग्य बनाना होगा। इस आधार पर उन्होंने एक विविध और मुख्यत: वनस्पति आधारित भोजन योजना तैयार की है। इस योजना के तहत औसत वजन वाले 30 वर्षीय व्यक्ति के लिए 2500 कैलोरी प्रतिदिन के आहार के हिसाब से एक सप्ताह में 100 ग्राम लाल मांस खाने की अनुमति है। यह एक आम अमे. रिकी की खपत से एक-चौथाई से भी कम है। यह भी कहा गया है कि अत्यधिक परिष्कृत खाद्य पदार्थ (शीतल पेय, फ्रोजन फूड और पुनर्गठित मांस, शर्करा और वसा) के सेवन से भी बचना चाहिए। आयोग का अनुमान है कि इस प्रकार के आहार के जरिए पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंचाए बिना 10 अरब लोगों को अधिक स्वस्थ भोजन दिया जा सकता है। कई वैज्ञानिकों ने ईट-लैंसेट द्वारा तैयार किए गए आहार प्लान की सराहना की है, लेकिन एक सवाल यह भी है कि क्या यह आहार कम संसाधन वाले लोगों के लिए भी पर्याप्त पोषण प्रदान करेगा। जैसे वाशिंगटन स्थित ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन के टाय बील का निष्कर्ष है कि यह आहार 25 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्ति के लिए आवश्यक जिंक का 78 प्रतिशत और कैल्शियम का 86 प्रतिशत ही प्रदान करता है और प्रजनन आयु की महिलाओं को आवश्यक लौह का केवल 55 प्रतिशत प्रदान करता है। इन आलोचनाओं के बावजूद, यह आहार पर्यावरण सम्बंधी चिंताओं को केंद्र में रखता है। रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद विश्व भर के स्वास्थ्य वैज्ञानिक इस आहार को सभी तरह के लोगों के लिए व्यावहारिक बनाने पर अध्ययन कर रहे हैं।

### समृद्ध आहार

कई पोषण शोधकर्ता जानते हैं कि अधिकांश उपभोक्ता आहार सम्बंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते। कई वैज्ञानिक लोगों को यह संदेश देने के कारगर तरीके तलाश रहे हैं। कुछ पोषण वैज्ञानिक स्कूलों में बगैर हो-हल्ले के एक निर्वहनीय आहार का परीक्षण कर रहे हैं, जिसमें मौसमी सब्जियों और फ्री-रेंज मांस (जिन जंतुओं को दड़बों में नहीं रखा जाता) जैसे पारंपरिक और निर्वहनीय खाद्य की खपत को बढ़ावा दिया जाता है। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के 2000 छात्रों के स्कूल लंच का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर एल्गोरिदम का उपयोग किया गया है। जिससे उन्हें आहार को अधिक पौष्टिक और जलवायु के अनुकूल बनाने के तरीकों के सुझाव मिले, जैसे मांस की मात्रा को कम करके फलियों और सब्जियों की मात्रा में वृद्धि। शोधकर्ताओं ने बच्चों और उनके अभिभावकों को लंच में सुधार की सूचना दी लेकिन उनको इसका विवरण नहीं दिया गया। इसकी ओर बच्चों ने भी ध्यान नहीं दिया और पहले के समान भोजन की बर्बादी भी नहीं हुई। इस कवायद के माध्यम से शोधकर्ता बच्चों में टिकाऊ आहार सम्बंधी आदतें विकसित करना चाहते हैं जो आगे भी जारी रहें। वैसे यह आहार ईट-लैंसेट से काफी अलग है। यह ईट-लैंसेट आहार को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर तैयार करने के महत्व को रेखांकित करता है। इसी तरह से कुछ शिक्षाविद और रेस्तरां भी कम आय वाली परिस्थिति में मुफ्त आहार का परीक्षण कर रहे हैं। इस संदर्भ में जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने इस तरह का आहार लेने वाले 500 लोगों का सर्वेक्षण किया और पाया कि 93 प्रतिशत लोगों ने इस आहार को काफी पसंद किया। देखा गया कि प्रत्येक मुफ्त आहार की कीमत 10 अमेरिकी डॉलर है जो वर्तमान में यूएस फूड स्टैम्प द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि का पांच गुना है। इससे पता चलता है कि यदि आप आहार में व्यापक बदलाव करें तो पर्यावरण पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं लेकिन इसमें सांस्कृतिक और आर्थिक बाधाएं रहेंगी।

**...स्रोत फीचर्स**

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# देवभूमि उत्तराखण्ड



# विरासत भी, विकास भी

संवरता, समृद्ध, सक्षम
**उत्तराखण्ड**
*नए भारत की पहचान*

“ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

“ 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## स्थानीय उत्पाद

### (पहाड़ का स्वाद, पहचान और आत्मनिर्भरता)


- हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया
- उत्तराखण्ड के 25 से अधिक उत्पादों को मिला जीआई टैग
- च्यूरा ऑयल, मुन्स्यारी राजमा, भोटिया दन, ऐंपण, रिंगाल क्राफ्ट, उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद एवं थुलमा को जी आई सर्टिफिकेशन
- ट्राउट प्रोत्साहन योजना को राज्य सरकार ने दी मंजूरी
- उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट्स पॉलिसी के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल ₹134.89 करोड़ की कार्य योजना पर मुहर लगाई
- मण्डुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना उत्पादक किसानों को बीज एवं जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का फैसला
- उत्तराखण्ड कीवी नीति के तहत वर्ष 2030-31 तक राज्य सरकार कीवी उद्यान स्थापना के लिए कुल लागत 12 लाख प्रति एकड़ का 70 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी
- राज्य में माल्टा मिशन शुरू करने का लिया निर्णय
- राज्य में उत्तराखण्ड महक क्रांति 2026-36 का हुआ शुभारंभ



## बेहतर कनेक्टिविटी

### (हर दिशा से जुड़ रहा उत्तराखण्ड)

- रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया। देहरादून से बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुम्बई, चेन्नई, लखनऊ, आदि शहरों में नियमित हवाई सेवाएं हुईं शुरू
- पन्तनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य गतिमान
- रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी
- राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत पर्वतीय जिलों में हो रहा हेली सेवाओं का संचालन। अब तक हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया
- उतराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास
- दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का ₹13 हजार करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
- ऑल वेदर रोड के माध्यम से जुड़े चारधाम, सीमांत क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का कार्य है निरंतर जारी



## उद्योग एवं निवेश

### (निवेश का नया केंद्र — उत्तराखण्ड)


- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू.
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग
- खुरपिया फार्म किच्छा में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी
- निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 को मंजूरी
- ईज आफ डूईंग बिजनेस- 2021 की राज्यों की रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी
- उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक में एचीवर्स श्रेणी के राज्यों में शामिल



## पर्यटन

### (हर मौसम, हर अनुभव — उत्तराखण्ड)

- वर्ष 2025 में 51 लाख से अधिक यात्रियों ने किए चारधाम के दर्शन
- राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 48 मंदिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान
- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान
- चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उत्तराखण्ड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् के गठन का निर्णय
- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया



**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें
**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR